दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 । अंक: 213 | जयपुर, शुक्रवार, 12 जुलाई, 2024 । आषाढ़, शुक्ल पक्ष- षष्ठी, विसं 2081 | पृष्ठ: 10 । मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### NEET: सोशल मीडिया पर नहीं गया पेपर: CBI




**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में जांच की स्थिति की रिपोर्ट सौंपी है। इस रिपोर्ट में सीबीआई ने कहा है कि परीक्षा का प्रश्न पत्र सोशल मीडिया पर सर्कुलेट नहीं हुआ था। सीबीआई ने उच्च न्यायालय से कहा है कि पेपर लीक बिहार के एक परीक्षा केंद्र तक ही सीमित था और इससे सिर्फ कुछ छात्र प्रभावित हुए। कोर्ट को सीबीआई के इस निष्कर्ष से पेपर लीक की सीमा और परीक्षा पर इसके प्रभाव के बारे में ज्यादा स्पष्टता मिलेगी।

### केंद्रीय सुरक्षा बलों में पूर्व अग्निवीरों को 10% आरक्षण



**नई दिल्ली।** पूर्व अग्निवीरों के लिए खुशखबरी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले साल केंद्रीय सुरक्षा बलों में पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की थी। अब इस घोषणा को लागू किया जा रहा है, जिससे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सीमा सुरक्षा बल और रेलवे सुरक्षा बल में पूर्व अग्निवीरों को यह आरक्षण मिलेगा। आरपीएफ के महानिदेशक मनोज यादव ने बताया, "भविष्य में रेलवे सुरक्षा बल में भी कांस्टेबल पद के लिए होने वाली सभी भर्तियों में पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षण होगा।"

### रिटायर्ड आरएएस अफसर नाहटा को 3 साल की जेल

**जोधपुर।** एसीबी कोर्ट ने रिटायर्ड आएएस अधिकारी विजय सिंह नाहटा को तीन साल की जेल की सजा सुनाई। नाहटा को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया था। तब नाहटा की गिरफ्तारी 5 साल पहले हुई थी, लेकिन अब एसीबी कोर्ट ने उसे सजा सुनाई है। दरअसल, जोधपुर एसीबी कोर्ट संख्या 1 ने 3 साल कारावास की सजा के आदेश दिए। कोर्ट ने सजा सुनाने के बाद नाहटा की जमानत अर्जी को स्वीकार कर लिया। वे फैसले के खिलाफ सक्षम कोर्ट में जा सकते हैं।

**रीट पेपर लीक केस:** ईडी ने की बड़ी कार्रवाई... एक और आरोपी दबोचा, उगले कई राज

# 1.25 करोड़ में पेपर बेचने वाले पाराशर को किया गिरफ्तार

■ साल 2021 की परीक्षा में आरोपी पाराशर को बनाया गया था जयपुर जिला को-ऑर्डिनेटर

**बेधड़क** । जयपुर

राजस्थान में शिक्षक पात्रता परीक्षा रीट के पेपर लीक मामले में जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए परीक्षा के तत्कालीन जयपुर जिला को-ऑर्डिनेटर प्रदीप पाराशर को गिरफ्तार किया है। और तो और, उसे शिक्षा संकुल में बनाए गए जिस स्ट्रॉन्ग रूम में पेपर रखे गए थे उसकी जिम्मेदारी भी उसे सौंपी गई थी। दरअसल, रीट पेपर लीक मामले में एसओजी की अब तक की कार्रवाई से मिले इनपुट के आधार पर अब ईडी इस मामले में सक्रिय हुई है।

एसओजी की जांच में सामने आया था कि प्रदीप पाराशर ने स्ट्रॉन्ग रूम से पेपर निकालकर उसे कोचिंग संचालकों और नकल माफिया तक पहुंचाया था। जयपुर के अलावा जालोर, सिरोही, टोंक, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, दौसा और करौली तक भी रीट का पेपर पहुंचने की पुष्टि एसओजी की जांच में हुई थी।




### आरोपी को पूछताछ के लिए सौंपा ईडी की रिमांड पर

एसओजी की जांच में यह भी सामने आया था कि प्रदीप पाराशर ने 1.25 करोड़ रुपए में रीट का पेपर बेचा था, जो बाद में 50 सेंटर्स तक पहुंचाया गया। अब इस पूरे मामले में बड़े पैमाने पर धन के लेन-देन को ध्यान में रखते हुए ईडी ने कार्रवाई की है। प्रदीप पाराशर को बुधवार देर रात को गिरफ्तार कर विशेष न्यायाधीश के घर पर पेश किया गया, जहां से उसे तीन दिन के लिए ईडी की रिमांड पर सौंपा गया है। ईडी के अधिकारी रीट पेपर लीक में बड़े पैमाने पर हुए धन के लेन-देन को लेकर प्रदीप पाराशर से पूछताछ कर रहे हैं।

### तत्कालीन बोर्ड अध्यक्ष और मंत्री का करीबी

प्रदीप पाराशर राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ. डीपी जारोली और पूर्व मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग का करीबी है। वर्ष 2011 और 2012 में हुई आरटेट परीक्षा में भी प्रदीप पाराशर को को-ऑर्डिनेटर बनाया गया था। तब डॉ. सुभाष गर्ग माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष थे। इसके बाद 2021 में हुई रीट में भी प्रदीप पाराशर को जिला को-ऑर्डिनेटर बनाया गया। उस समय डॉ. सुभाष गर्ग मंत्री और डॉ. डीपी जारोली माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष थे।

**विश्व जनसंख्या दिवस पर** राज्य स्तरीय समारोह में बोले सीएम...

# जागरूकता बढ़ाएं ताकि जनसंख्या पर नियंत्रण पाएं

■ मरीज के लिए चिकित्सक परमात्मा स्वरूप

■ प्रदेश में चिकित्सा सेवाओं का निरंतर विस्तार

**हेल्थ को बजट का 8.26% हिस्सा समर्पित**





**बेधड़क** । जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या देश-दुनिया के लिए चिंता का विषय है। बढ़ती आबादी के कारण जल, जमीन और अन्य संसाधनों पर लगातार दबाव बढ़ रहा है, क्योंकि ये प्रकृति में संसाधन सीमित हैं। जनसंख्या वृद्धि से भी विभिन्न समस्याएं उत्पन्न होती हैं। परिवार नियोजन हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए, जिससे भावी पीढ़ी संसाधनों का उचित मात्रा में उपयोग कर सके। शर्मा गुरुवार को जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में विश्व जनसंख्या दिवस पर चिकित्सा विभाग की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि इस दिवस का उद्देश्य परिवार नियोजन, लैंगिक समानता, गरीबी, मातृ स्वास्थ्य और मानवाधिकारों के महत्व पर जागरूकता बढ़ाना है। बढ़ती जनसंख्या के कारण प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है, जलवायु परिवर्तन इसी का हिस्सा है। बढ़ती जनसंख्या विकास, रोजगार, आय वितरण, गरीबी और सामाजिक सुरक्षा को भी प्रभावित करती है। इसका संसाधनों तक सबकी पहुंच सुनिश्चित करने के प्रयासों पर भी इसका व्यापक असर पड़ता है।

### परिवार नियोजन से जनसंख्या वृद्धि में होगी स्थिरता निश्चित

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए परिवार नियोजन एक प्रभावी कदम है। साथ ही, समाज में जागरूकता बढ़ाकर जनसंख्या नियंत्रण को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश में जनसंख्या वृद्धि की दर निरन्तर कम हो रही है। सतत् विकास लक्ष्य 2030 के अनुसार कुल प्रजनन दर (टीएफआर) का लक्ष्य 2.1 है, जबकि राज्य की कुल प्रजनन दर 2.0 है।

### बोले चिकित्सा मंत्री

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि मुख्यमंत्री शर्मा ने प्राथमिकता देते हुए बजट का 8.26% हिस्सा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को दिया है। जयपुर के एसएमएस अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हो रहा है।

### मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संकेतकों में प्रदेश की स्थिति बेहतर

शर्मा ने कहा कि प्रदेश में सुदृढ़ चिकित्सा तंत्र एवं बेहतर परिवार कल्याण सेवाओं के कारण राजस्थान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से संबंधित संकेतकों में देश के अन्य राज्यों से बेहतर स्थिति में है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का जो सपना देखा है, उसे पूरा करने के लिए संसाधनों पर जनसंख्या के दबाव को कम करना जरूरी है।

### गांव-ढाणी तक पहुंचाएंगे चिकित्सा सेवाएं

शर्मा ने कहा कि चिकित्सा कार्मिकों की संवेदना और सेवा का बहुत महत्व होता है। मरीज के लिए चिकित्सक परमात्मा स्वरूप होता है। चिकित्सा अभियानों की सफलता इन कार्मिकों की कड़ी मेहनत से ही सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि गांव-ढाणी तक बेहतर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना हमारी प्राथमिकता है। प्रदेश में आभा आईडी के माध्यम से मरीज अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड को डिजिटल तरीके से स्टोर कर सकते हैं। इसके जरिये रोगी एवं चिकित्सक को रोग एवं इलाज की सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध हो सकेगी।

### बजट में चिकित्सा क्षेत्र को मिली बड़ी सौगातें

शर्मा ने कहा कि विधानसभा में पेश बजट में चिकित्सा क्षेत्र को विभिन्न सौगातें देकर मजबूती प्रदान की गई है। उपस्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, उपजिला अस्पताल एवं जिला अस्पताल में चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। साथ ही, चिकित्सा विभाग को मजबूती प्रदान करने के लिए चिकित्सक, नर्सिंगकर्मियों की कमी नहीं आने दी जाएगी।

### CM ने दिए परिवार कल्याण प्रोत्साहन पुरस्कार

मुख्यमंत्री ने परिवार कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए परिवार कल्याण प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार वितरित किए। राज्य में उत्कृष्ट कार्यों के लिए बांसवाड़ा को प्रथम स्थान, ब्यावर को द्वितीय, केकड़ी को तृतीय, भीलवाड़ा को चतुर्थ एवं शाहपुरा को पांचवा स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए।

**जयपुर में आंधी के साथ तेज बारिश**

# दिनभर ठंडक को तरसे... सांझ ढले बादल बरसे




फोटो: राजेश कुमावत

**बेधड़क** । जयपुर

राजधानी में गुरुवार को दिनभर ऐसा लगा मानों जून की लू चल रही हो, मौसम में गर्मी जैसे ठसी हुई थी। जयपुरराइट्स ठंडक को तरस रहे थे, तभी शाम को अचानक मौसम बदला और आंधी के साथ मध्यम से तेज बारिश ने सिर्फ गुलाबी नगर की फिजां को खुशनुमा बना दिया, बल्कि हर शख्स का मस्ती से झुमा दिया। शहर के दिन के पारे में 2.5 और 0.6 डिग्री बारिश की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

जयपुर का अधिकतम तापमान 38.5 और न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री दर्ज किया गया। बारिश के बाद शहर में सड़कों पर पानी भर गया, इससे वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### 16 से फिर बारिश

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य में आगामी एक सप्ताह सामान्य से कम बारिश की संभावना है। वहीं, अगले सप्ताह में सामान्य से अधिक बारिश होने की प्रबल संभावना है। मानसून ट्रफ लाइन बीकानेर, जयपुर से होकर गुजर रही है। इस कारण व्यापक बारिश हुई। पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में 16 जुलाई से पुनः मानसून सक्रिय होने की संभावना है।

### दो की मौत

भीलवाड़ा में बुधवार शाम बिजली गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई। वहीं, पाली जिले के सुरायता गांव में एसीबी के सब इंस्पेक्टर मोतीलाल के मकान पर सुबह 6:45 बजे बिजली गिर गई।

## स्पाइसजेट कर्मी ने मारा CISF जवान को थप्पड़

**जयपुर।** यहां एयरपोर्ट पर गुरुवार को स्पाइसजेट की एक महिला कर्मी ने सीआईएसएफ के एक जवान को थप्पड़ मार दिया। जिसके बाद महिला को गिफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक दोनों के बीच सुरक्षा जांच को लेकर हुए विवाद हुआ था, जबकि एयरलाइन ने इसे यौन उत्पीड़न का गंभीर मामला बताया है। इस घटना का वीडियो भी वायरल हो चुका है। घटना का जो सीसीटीवी फुटेज सामने आया



है, उसमें सीआईएसएफ अधिकारी उस स्पाइस जेट की महिला सदस्य से बात करते हुए दिख रहे हैं। इसके बाद वह अचानक दो कदम आगे बढ़कर उनके चेहरे पर एक थप्पड़ मार देती है।

**असम में कर्मचारियों को अनूठी छुट्टियां**

# सरकार बोली-माता-पिता, सास-ससुर के साथ वक्त बिताएं... न कि गंवाएं

- असम सरकार ने दिया कर्मचारियों को छुट्टियों का गिफ्ट
- असम में सरकारी कर्मचारियों के माता पिता को मिलेगी राहत
- सास-ससुर के साथ भी वक्त बिताने के लिए कहा सरकार ने

**एजेंसी** । गुवाहाटी

असम सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए नवंबर में दो दिन की विशेष आकस्मिक छुट्टी की घोषणा की है। सरमा सरकार ने कर्मचारियों को 7 और 9 नवंबर 2024 को दो छुट्टियों के साथ 6 और 8 नवंबर 2024 को आकस्मिक अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति दी है।

कर्मचारियों को यह छुट्टियां इसलिए दी गई हैं कि वे अपने माता-पिता और सास-ससुर के साथ समय बिता सकें। साथ ही, यह भी बताया गया है कि जिनके माता-पिता या सास-ससुर नहीं



हैं, वे इसके हकदार नहीं होंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि विशेष छुट्टियों का इस्तेमाल निजी मौज-मस्ती के लिए नहीं किया जा सकता है और जिनके माता-पिता या सास-ससुर नहीं हैं, वे छुट्टियों के लिए पात्र नहीं होंगे।

### दो विशेष आकस्मिक अवकाश का ऐलान

सीएमओ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'सीएम सरमा के नेतृत्व में असम सरकार ने राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए अपने माता-पिता या सास-ससुर के साथ समय बिताने के लिए 6 और 8 नवंबर, 2024 को विशेष आकस्मिक अवकाश की घोषणा की है।"



### ये कर्मचारी नहीं इन छुट्टियों के हकदार

इसमें कहा गया है कि आवश्यक सेवाओं में कार्यरत कर्मचारी चरणबद्ध तरीके से इसका लाभ उठा सकते हैं। पोस्ट में यह भी जानकारी दी गई कि जिनके माता-पिता या सास-ससुर नहीं हैं, वे इसके हकदार नहीं होंगे।

### 'वृद्ध माता-पिता या सास-ससुर की सम्मान से करें देखभाल '

सीएमओ द्वारा एक्स पर किए गए पोस्ट में कहा गया कि छुट्टी का उपयोग 'केवल वृद्ध माता-पिता या सास-ससुर के साथ समय बिताने, उनका सम्मान करने और उनकी देखभाल करने के लिए किया जाना चाहिए, न कि व्यक्तिगत आनंद के लिए। सीएमओ ने कहा कि छुट्टियों का लाभ 7 नवंबर को छठ पूजा, 9 नवंबर को दूसरे शनिवार की छुट्टी और 10 नवंबर को रविवार की छुट्टी के साथ लिया जा सकता है।

### साल 2021 से सरकारी कर्मचारियों को मिल रहे हैं ये अवकाश

बता दें कि सरकारी कर्मचारियों के लिए माता-पिता और सास-ससुर के साथ समय बिताने के लिए दो विशेष आकस्मिक छुट्टियों की घोषणा मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने 2021 में पदभार संभालने के बाद अपने पहले स्वतंत्रता दिवस भाषण में की थी। अब आदेश निकाल दिया है।

## जरूरी खबर

### चार दिवसीय फास्ट टैग शिविर का शुभारंभ



**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को विधानसभा में विधायकों के लिए लगाए गए चार दिवसीय फास्ट टैग शिविर का शुभारंभ किया। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा इस शिविर में विधानसभा सदस्यों को फास्ट टैग बनाने की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। देवनानी ने कहा कि विधायकों के लिए फास्ट टैग के लिए एक ही स्थान पर सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। चार दिवसीय शिविर में प्रदेश के विधायकों को टोल छूट फास्ट टैग जारी किया जाएगा।

### चाकसू में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम

**चाकसू।** पंचायत समिति मुख्यालय चाकसू के वीसी रूम में उपखंड अधिकारी शिवचरण शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को उपखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें उपखंड अधिकारी ने आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई की और त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। निजी सहायक योगेश कुमार ने बताया कि इस जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान पानी-बिजली, अतिक्रमण, राजस्व संबधित परिवाद प्राप्त हुए। एसडीएम ने प्रकरणों की सुनवाई करते हुए इस दौरान प्राप्त सभी परिवादों को संपर्क पोर्टल पर दर्ज करने के भी निर्देश दिए हैं।

### ग्राम पंचायत के नवीन भवन का किया लोकार्पण



**चाकसू।** विधायक रामावतार बैरवा गुरुवार को क्षेत्र के दौर पर रहे। इस दौरान ग्राम पंचायत अजमेरीपुरा पहुंचे, जहां ग्राम पंचायत के नवीन भवन का लोकार्पण किया। समारोह में विधायक बैरवा ने कहा कि गांव का विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर जयपुर जिला प्रमुख रमा देवी चौपड़ा, कोटखावदा प्रधान प्रहलाद मीणा ने भी संबोधित किया। गांव पहुंचने पर विधायक बैरवा समेत अन्य अतिथियों का स्थानीय सरपंच कजोड़ी देवी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने स्वागत किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष बनवारीलाल शर्मा, सरपंच जेपी मीणा, पार्षद मांगीलाल बैरवा, हरफूल गुर्जर, सरपंच प्रतिनिधि अशोक मीणा एवं ग्रामीण उपस्थित रहें।

---

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी का चित्तौड़गढ़ दौरा... BJP कार्यकर्ताओं ने CM का जताया आभार**

# मोदी के मजबूत नेतृत्व में देश को लगे विकास के पंख: जोशी

**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने बुधवार को पेश बजट के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और वित्त मंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकसित राजस्थान की नींव रखी गई है। जोशी गुरुवार को अपने लोकसभा क्षेत्र चित्तौड़गढ़ के दौरे पर पहुंचे और कहा कि युवाओं के लिए चार लाख सरकारी नौकरी और 10 लाख रोजगार के अवसर, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में नई नीति और नवाचार करने का काम, पर्यटन स्थलों के विकास का काम, चिकित्सा के क्षेत्र में मजबूती के साथ साथ सड़क और मेट्रो से लेकर ग्रामीण विकास तक, किसान, महिला, दलित, आदिवासी सहित समाज के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है।

प्रदेश अध्यक्ष जोशी ने इस दौरान जिला कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई की। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खरताणा के नवीन भवन के भूमि पूजन में शामिल हुए। राजकीय विद्यालय ईडरा में छात्र-छात्राओं से संवाद करने सहित अन्य कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस दौरान बजट में चित्तौड़गढ़ लोकसभा क्षेत्र को मिली सौगातों के लिए भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत कर धन्यवाद ज्ञापित किया।




### डबल इंजन की सरकार से प्रदेश का होगा सर्वांगीण विकास

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में देश को विकास के पंख लगे, ऐतिहासिक काम हुए है। अर्थ व्यवस्था में देश 11वें नंबर से पांचवें नंबर पर आया और अब अगले पांच सालों में भारत तीसरे नंबर पर पहुंचेगा। आने वाले केंद्र सरकार के बजट से देश और प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार के माध्यम से प्रदेश का सर्वांगीण विकास होगा और आने वाले पांच सालों में सशक्त, समृद्ध और स्वस्थ राजस्थान देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा। पूर्व की कांग्रेस सरकार ने प्रदेश को बीमारू राज्यों की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी हर व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए हम सभी को लगातार काम करना है। सोशल मीडिया के साथ ही युवा मोर्चा, किसान मोर्चा, महिला मोर्चा सहित सभी मोर्चे स्वयं से संबंधित कामों पर चर्चा करें और उसे नीचे तक पहुंचाए।

---

**ऐतिहासिक बजट के लिए युवाओं ने जताया मुख्यमंत्री का आभार**

# युवा ऊर्जा से राजस्थान लिखेगा प्रगति की एक नई इबारत: CM

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि युवा देश के स्वर्णिम भविष्य का आधार हैं। युवा की ऊर्जा तथा उत्साह से प्रदेश प्रगति की एक नई इबारत लिखेगा। हमारी सरकार युवाओं के सपनों तथा उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रति पल तथा प्रति क्षण काम कर रही है। शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर परिवर्तित बजट 2024-25 में हुई घोषणाओं के लिए युवाओं की आभार सभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि इस बजट में युवाओं के लिए इस वर्ष में 1 लाख नौकरियां की घोषणा की गई है। राज्य सरकार सार्वजनिक, निजी तथा व्यावसायिक सहित सभी क्षेत्रों में युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है उस प्रतिभा को सामने लाने की। सरकार द्वारा इस वर्ष के बजट में महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, संभाग स्तर पर स्पोर्ट्स कॉलेज तथा 'खेलो राजस्थान यूथ गेम्स' जैसी घोषणाओं के माध्यम से ग्रामीण युवाओं के टेलेंट को सामने लाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय युवाओं के सपनों पर कुठाराघात किया गया था और पेपरलीक जैसे मामलों से युवाओं को बड़ा आघात पहुंचा था। उन्होंने कहा कि वे युवाओं का दर्द समझते हैं तथा इन प्रकरणों में कड़ी कार्रवाई करते हुए किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने युवाओं से मिलकर संवाद भी किया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।



### हर क्षेत्र में युवाओं को दिए जाएंगे रोजगार के अवसर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हाल ही में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कर युवाओं को बड़ी संख्या में नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए थे। इससे युवा बल्कि उनके परिवारजनों को भी सपना साकार हुआ। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शीघ्र ही राजस्थान इनवेस्टमेंट समिट का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश एवं विदेशों से बड़े-बड़े उद्योगपति भाग लेंगे। समिट के माध्यम से प्रदेश में निवेश बढ़ेगा और रोजगार के नवीन अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने युवाओं को आश्वस्त किया कि आगामी समय में हर क्षेत्र में युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसर दिए जाएंगे।

---

**राजनीतिक हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं: नागर**

# बिजली कटौती का मुद्दा विधानसभा में उठा

**बेधड़क** | जयपुर

बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान विधानसभा में बीकानेर इलेक्ट्रिकल सप्लाई लिमिटेड की अव्यवस्था का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि बीकेईसीएल द्वारा जानबूझकर शहरी क्षेत्र में बिजली की कटौती की जा रही है। उन्होंने नाम लिए बिना स्थानीय कांग्रेस नेता पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके रिश्तेदारों ने कंपनी से जुड़े विभिन्न ठेके लिए हुए हैं।

एमओयू की शर्तों के अनुसार एक घंटे से अधिक समय तक बिजली कटौती होने पर जनरेटर अथवा अन्य वैकल्पिक माध्यम से विद्युत सप्लाई किया जाना होता है, कंपनी द्वारा ऐसा नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में शहरी क्षेत्र में दस-दस घंटे बिजली कटौती होती है और इससे बीजेपी और उनकी छवि खराब करने का प्रयास कंपनी द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई बार बिना फॉल्ट ही बिजली की कटौती की जाती है। आमजन की ऐसी शिकायत उन्हें कई बार प्राप्त होती है। उन्होंने कंपनी की विजिलेंस प्रक्रिया पर भी प्रश्न खड़ा किया और कहा कि जब उपभोक्ता सो रहे होते हैं तब, कंपनी द्वारा सुबह छह बजे विजिलेंस की जाती है और इसकी राशि भी मनमाने ढंग से चार्ज की जाती है। इस बारे में कंपनी के अधिकारियों को पूछने पर ऊपर से आदेश होने की बात कही जाती है। उन्होंने ऊर्जा मंत्री से संबध में कार्यवाही करने का आग्रह किया और कहा कि विजिलेंस के दौरान एक सरकारी प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से साथ रहे, जिससे आम उपभोक्ता के हितों के साथ कुठाराघात नहीं हो। उन्होंने कहा कि विद्युत आपूर्ति और शुल्क वसूली के मामले में किसी भी स्थिति में आमजन के साथ राजनीति नहीं हो। उनके हितों को सर्वोपरि रखा जाए। उन्होंने कहा कि यदि बीकेईसीएल द्वारा सरकार के साथ किए गए एमओयू की शर्तों की पालना नहीं की जाती है, तो राज्य सरकार द्वारा इसके नियमानुसार कार्यवाही की जाए।

### जांच के लिए होगी कमेटी गठित

विधायक व्यास के मुद्दे का जवाब देते हुए ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि बीकेईसीएल में राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2017 से लेकर अब तक की बीकेईसीएल की अनियमितताओं की जांच के लिए कमेटी गठित की जाएगी।

---

**विधानसभा में बोले चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री**

# दो साल में महिला अपराध में आई 6 फीसदी की कमी: गजेंद्र

**बेधड़क** | जयपुर

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार द्वारा महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गंभीरता से काम किया जा रहा है। वर्ष 2022 से 2024 तक महिला अपराधों की संख्या में 6 प्रतिशत की कमी आई है।



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का गृहमंत्री की ओर से जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि बेहतर निगरानी सुनिश्चित करने के लिए महिलाओं की ज्यादा आवाजाही वाले 7 हजार 400 स्थान चिह्नित किए गए हैं। इसके अलावा महिला अपराधों पर कड़ी नजर रखने के लिए 20 हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरा की खरीद के आदेश जारी किए गए हैं। महिला स्क्वाड में 200 मोटरसाइकिल के साथ ही वायरलेस बॉडी कैम की सुविधा भी दी गई है। इससे पहले विधायक इंद्रा के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में 1 जनवरी 2024 से 30 जून 2024 तक महिला उत्पीडन के 20 हजार 767 प्रकरण दर्ज हुए हैं। उन्होंने संख्यात्मक विवरण सदन के पटल पर रखा। सरकार द्वारा महिला अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष महिला अपराध अनुसंधान इकाई का गठन समस्त जिलों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में वर्ष 2019 से किया गया है। महिला सुरक्षा के लिए एक टोल फ्री नंबर 1090 महिला गरिमा हेल्पलाइन के नाम से राज्य के समस्त जिलों में संचालित किया जा रहा है।

---

**पशुपालन मंत्री बोले बीमा पर खर्च होंगे चार सौ करोड़ रुपए**

# 21 लाख पशुओं का किया जाएगा बीमा

**बेधड़क** | जयपुर

पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार पशुपालकों के कल्याण के लिए पूरी तरह समर्पित है। पशुपालकों के हितों का ध्यान रखते हुए बजट घोषणा 2024-25 में दुधारू पशुओं के साथ अन्य पशुओं को भी सम्मिलित करते हुए 'मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना' शुरू की गई है। योजना की शुरुआत में 400 करोड़ रुपए का व्यय कर 21 लाख पशुओं का बीमा किया जाएगा।

पशुपालन मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि मंगला पशु बीमा योजना के अंतर्गत शुरुआत में 5-5 लाख दुधारू गाय-भैंस, 5-5 लाख भेड़-बकरी तथा एक लाख ऊंटों का बीमा किया जाएगा।



इससे पहले विधायक प्रताप लाल भील के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में पशुपालन मंत्री ने कहा कि पशुपालकों को उनके पशुओं की जहरीली घास अथवा पदार्थ खा जाने से आकस्मिक मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता नहीं दी जाती।

### गोशाला स्थापना के लिए मिलेगी पूर्ण सहायता: गोपालन मंत्री

गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने गुरुवार को राज्य विधानसभा में आश्वस्त किया कि विधानसभा क्षेत्र डीग-कुम्हेर के राजकीय पशु प्रजनन केंद्र, कुम्हेर में गोशाला खोलने के लिए नियमानुसार आवेदन करने पर राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में पूरी सहायता की जाएगी। गोपालन मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों पर जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राजकीय पशु प्रजनन केंद्र, कुम्हेर में गोशाला संचालित नहीं है। इससे पहले विधायक डॉ. शैलेश सिंह के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में गोपालन मंत्री ने बताया कि वर्तमान में राजकीय पशु प्रजनन केंद्र कुम्हेर में गोशाला संचालित नहीं होने के कारण राजस्थान गो सरंक्षण एवं संवर्धन निधि नियम -2016 संशोधित 2021 के अंतर्गत सहायता राशि देय नहीं है।

---


**विधानसभा में शिक्षा मंत्री बोले...**

# शिक्षा विभाग में स्वीकृत सभी पदों को शीघ्र भरा जाएगा: मदन दिलावर

**बेधड़क** | जयपुर

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि शिक्षा विभाग में स्वीकृत सभी पदों को शीघ्र भरा जाएगा एवं नए तथा क्रमोन्नत विद्यालयों में आवश्यक संसाधन प्राथमिकता से उपलब्ध करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा गठन के कुछ ही समय में करीब 12 करोड़ 41 लाख रुपए के कार्य प्राथमिकता से करवाए जा रहे हैं।

दिलावर प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुधारों तथा नए विद्यालयों के भवन निर्माण और उनमें संसाधनों की पूर्ण उपलब्धता के लिए राज्य सरकार चरणबद्ध रूप से कार्य करवा रही है। इससे पहले विधायक संदीप शर्मा के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में शिक्षा मंत्री ने बताया कि गत तीन वर्षों में कोटा जिले के 83 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को उच्च माध्यमिक एवं 15 राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों को उच्च माध्यमिक में क्रमोन्नत किया गया है। उन्होंने बताया कि कोटा जिले में 35 राजकीय विद्यालयों में एक कक्ष में एक से अधिक कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है जिनकी सूची उन्होंने सदन के पटल पर रखी। साथ ही उन्होंने सदन को बताया कि कोटा जिले में किसी भी क्रमोन्नत राजकीय विद्यालय में खुले में कक्षाऐं संचालित नहीं की जा रही है।



शिक्षा मंत्री ने बताया कि राजकीय विद्यालय स्तर पर प्रतिवर्ष ऑनलाइन भरे जाने वाले यू-डाईस के आधार पर विद्यालयों में कक्षा-कक्षों की आवश्यकता, उपलब्धता व कमी के आधार पर समग्र शिक्षा योजनांतर्गत कक्षा-कक्षों के निर्माण कार्य के प्रस्ताव प्रतिवर्ष समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्य योजना एवं बजट में प्रेषित किए जाते है। उन्होंने बताया कि गत 3 वर्षों में कोटा जिले के क्रमोन्नत कुल 98 विद्यालयों में से 26 विद्यालयों में 62 कक्ष निर्माण एवं एक नवीन भवन (सीनियर सेकंडरी स्कूल) का कार्य स्वीकृत किया गया है जिनकी सूची उन्होंने सदन के पटल पर रखी।

### कांग्रेस पार्टी के नेता दलित विरोधी: गोठवाल

जयपुर। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को कांग्रेसी नेता इसलिए घेरना चाहते हैं क्योंकि वे दलित है। विधानसभा में शिक्षा मंत्री के खिलाफ लगातार कांग्रेसी नेता अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। इस तरह की बयानबाजी कांग्रेसी नेताओं की दलित विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। विपक्ष एक दलित शिक्षा मंत्री को सहन नहीं कर पा रहा है। ऐसे में वह दलित नेता के खिलाफ सदन में हंगामा कर रहा है। इससे साफ नजर आ रहा है कि कांग्रेस पार्टी के नेता दलित विरोधी है। भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि भजनलाल सरकार के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने पिछले 6 माह के कार्यकाल के दौरान बेहतर कार्य किया है और अपने विभाग का कुशल संचालन कर रहे हैं। प्रदेश के शिक्षा मंत्री के कार्य कांग्रेसी नेताओं को हजम नहीं हो रहे हैं। कांग्रेस पार्टी दलित विरोधी तो हैं ही, सदन में दलित शिक्षा मंत्री के वक्तव्य के बीच में हंगामा करना उनकी दलित विरोधी सोच को साबित भी करता है।

## जरूरी खबर

### सीवर चालू कराने का आश्वासन देकर रास्ता खुलवाया



**जयपुर।** मालवीय नगर के वार्ड नंबर 146 में सीवर लाइन की समस्या से परेशान लोगों ने गली नंबर 3 के नुक्कड़ पर आकाशगंगा अपार्टमेंट के एग्जिट गेट पर स्थानीय लोगों ने जाम लगा दिया। लोगों ने सड़क पर वाहन और पेड़ पौधे डालकर रोड को जाम कर दिया। सूचना मिलने वार्ड नंबर 134 के कांग्रेस पार्षद पंडित करण शर्मा मौके पर पहुंचे और उन्होंने लोगों को समझाकर रास्ता खुलवाया। उन्होंने अधिकारियों से बात की। उन्होंने बताया कि डीसी गैराज, डीसी मालीवीय नगर ने 24 घंटे में सीवर लाइन चालू करने का आश्वासन दिया।

### चार ट्रक सामान किया जब्त, 37 हजार रुपए वसूले



**जयपुर।** हेरिटेज नगर निगम की सतर्कता शाखा ने गुरुवार को अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चार ट्रक सामान जब्त कर 37 हजार रुपए का चालान किया। हेरिटेज निगम के सतर्कता उपायुक्त पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि सतर्कता शाखा की ओर से अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। दस्ते ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए अजमेर पुलिया, किंग्स रोड, श्याम नगर थाना, डीसीएम अजमेर रोड, सिंधी कैंप, शास्त्री नगर, जनाना अस्पताल, झोटवाड़ा, संजय सर्किल, किशन पोल बाजार, चांदपोल बाजार, बड़ी चौपड़ तक अभियान चला कर सड़क और बरामदे से अस्थाई अतिक्रमण हटाया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक बैद्यनाथ कौशिक के नेतृत्व में दस्ते ने चार ट्रक सामान जब्त किया और 37 हजार रुपए का वसूल किए हैं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

निदेशक खान एवं भूविज्ञान भगवती प्रसाद कलाल ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# बंद और खनन कार्य पूरा हो चुकी खानों में प्लांटेशन कराएं

**बेधड़क** | जयपुर

निदेशक खान एवं भूविज्ञान भगवती प्रसाद कलाल ने माइनर मिनरल प्लॉट्स के डेलिनियेशन के लिए प्राथमिकता से खनिज क्षेत्र चिह्नत करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए प्रदेश की निरस्त माइंस, राज्य सरकार को सरेंडर की गई माइंस, लीज अवधि समाप्त हो चुकी माइंस और अन्य खनिज क्षेत्रों का चिह्नीकरण कर डेलिनियेशन के काम में तेजी लाई जाए। खान एवं भूविज्ञान विभाग के अधिकारियों से बुधवार और गुरुवार को वीसी के माध्यम से रुबरु होते हुए कलाल ने कहा कि अवैध खनन प्रभावित क्षेत्रों और गेप एरिया में डेलिनियेशन के काम को प्राथमिकता दी जाए, ताकि ऐसे खनिज क्षेत्रों के प्लॉट तैयार कर ऑक्शन किया जा सके।



### जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत हो रहा काम

निदेशक माइंस कलाल ने कहा कि राज्य सरकार अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत काम कर रही है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, जिनके पास खान विभाग भी है अवैध खनन गतिविधियों को लेकर गंभीर हैं। मुख्यसचिव सुधांश पंत व खान सचिव आनन्दी विभागीय अधिकारियों के साथ ही जिला कलक्टरों से समन्वय बनाते हुए अभियान चलाकर कार्रवाई व उसकी मॉनीटरिंग कर रहे हैं।

### प्रतिमाह 970 मीटर ड्रिलिंग का टार्गेट

कलाल ने कहा कि विभाग की जियोलोजी विंग को प्रतिमाह माइनर मिनरल के ऑक्शन के लिए 1173 हैक्टेयर क्षेत्रफल के प्लॉट और मिनरलों की खोज के लिए प्रतिमाह 970 मीटर ड्रिलिंग के लक्ष्य दिए गए हैं। उन्होंने सभी 19 अधीक्षण भूविज्ञानी और वरिष्ट भूविज्ञानी कार्यालयों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि माइनिंग विंग व जियोलोजी विंग में परस्पर समन्वय सहयोग से ऑक्शन के लक्ष्यानुसार प्लॉट तैयार किए जाएं। बैठक में ई-फाइलिंग, ई-डाक, ई-फाइल निष्पादन की चर्चा करते हुए निस्तारण समय को न्यूनतम स्तर पर लाने की आवश्यकता प्रतिपादित की। परिवेश पोर्टल में 31 जुलाई के पहले पहले फार्म 2 अपलोड करने के निर्देश दिए।

कांग्रेस के बाद अब बीजेपी पार्षद विरोध में उतरे, UDH मंत्री से मिले

# हेरिटेज निगम मेयर को बर्खास्त कर अभियोजन की स्वीकृति दें

**बेधड़क** | जयपुर

हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर की परेशानी कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। आए दिन कोई न कोई नई परेशानी सामने आ जाती है। पहले कांग्रेसी पार्षद विरोध में उतरे थे, अब अब बीजेपी पार्षदों ने भी मेयर मुनेश गुर्जर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। गुरुवार को 20 से ज्यादा बीजेपी पार्षदों ने यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, बीजेपी प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी और जयपुर शहर अध्यक्ष से मिलकर मुनेश गुर्जर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ऐसा नहीं किए जाने पर उन्होंने आंदोलन की चेतावनी भी दी।

वार्ड 47 से बीजेपी पार्षद रेखा राठौड़ ने कहा कि नगर निगम हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर ने जमकर भ्रष्टाचार किया है। एंटी करप्शन ब्यूरो में उनके खिलाफ आरोप भी सिद्ध हो गए हैं। ऐसे में उन्हें जल्द से जल्द बर्खास्त कर उनके खिलाफ अभियोजन स्वीकृति दी जानी चाहिए। इस मांग को लेकर आज बीजेपी के सभी पार्षदों ने यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा से मुलाकात कर अपना पक्ष रखा था। जिस पर मंत्री जी ने भी सहमति जताते हुए जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



### पट्टे की एवज में रिश्वत मामले में चल रही है जांच

बता दें कि नगर निगम हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर के पति को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने पट्टे की एवज में रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया था। इस मामले में मुनेश गुर्जर की भूमिका की जांच की जा रही है, जिसको लेकर कांग्रेसी पार्षदों के साथ अब बीजेपी पार्षदों ने मेयर को बर्खास्त कर एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम को अभियोजन स्वीकृति देने की मांग शुरू कर दी है।

### एसीबी ने देखे दस्तावेज और सबूत

वहीं, इस पूरे मामले को लेकर गुरुवार को स्वायत्त शासन विभाग के अधिकारियों ने एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम को मुख्यालय बुलाया था। जहां उन्होंने पट्टे की एवज में रिश्वत मामले के सभी दस्तावेजों और सबूत को देखने के साथ ही मेयर मुनेश गुर्जर की इसमें भूमिका को लेकर भी सवाल पूछे थे। इसके बाद अब स्वायत्त शासन विभाग की टीम इस मामले की रिपोर्ट तैयार कर यूडीएच मंत्री को देगी। ऐसे में मुनेश गुर्जर को बर्खास्त करने के साथ ही उनके खिलाफ अभियोजन स्वीकृति देने को लेकर अंतिम फैसला मंत्री स्तर पर होगा।

### ये पार्षद मिले मंत्री खर्रा से

इस दौरान बीजेपी पार्षद रेखा राठौड़, रवि सैनी, सुभाष व्यास, हेमेंद्र शर्मा, मंजू राकेश बागड़ा, श्याम सुंदर सैनी, कपिला कुमावत, जितेंद्र लखयानी, घनश्याम टेपन, अमर गुर्जर, महेंद्र पहाड़िया, ललिता संजय जायसवाल, सुरेश नवारिया, रितु मोतियानी समेत 22 से ज्यादा पार्षद मौजूद रहे।

### काम-काज पर प्रदेश महामंत्री ने जताई नाराजगी

इसके साथ ही प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी और जयपुर शहर अध्यक्ष राघव शर्मा ने भी कांग्रेस की मेयर के काम काज को लेकर नाराजगी जताई। इसके साथ ही हमें जल्द सरकार के स्तर पर मेयर के खिलाफ कार्रवाई कर नगर निगम में समितियां के गठन का आश्वासन दिया गया है। अब हम कल बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी से मुलाकात कर अपना पक्ष रखेंगे।

### इन्होंने भी मोर्चा खोला

दरअसल, भारतीय जनता पार्टी से जुड़े सूत्रों के अनुसार यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा तो जयपुर मेयर मुनेश गुर्जर के खिलाफ कार्रवाई करना चाहते हैं। उन्होंने कई बार पार्टी नेताओं को इस बारे में कहा भी है। जयपुर शहर के ही कुछ नेता फिलहाल मुनेश गुर्जर की पैरवी कर रहे हैं। इसके खिलाफ अब पार्षदों के साथ स्थानीय नेताओं ने एकजुट होकर मोर्चा खोल दिया है। ऐसे में अब देखना होगा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी इस मामले पर क्या फैसला लेते हैं।

निदेशक ने जारी किए आदेश

# एक अक्टूबर से होगी विद्यालयों में प्रवेश के लिए आयु की गणना



**बेधड़क** | जयपुर

निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी तथा निदेशक प्रारंम्भिक शिक्षा सीताराम जाट ने गुरुवार को एक संयुक्त आदेश जारी कर बताया कि राजकीय तथा गैर राजकीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए आयु गणना की तिथि एक अक्टूबर 2024 निर्धारित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि एक अक्टूबर तक 6 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले बच्चे विद्यालयों में प्रवेश के लिए पात्र होंगे।

आदेश के अनुसार राजकीय विद्यालय, गैर राजकीय विद्यालय, बालवाटिका, बालवाड़ी, प्री-प्राइमरी या अन्य संस्थान जहां पर कक्षा एक से पूर्व का अध्ययन करवाया जाता है में अध्ययनरत विद्यार्थियों पर आयु गणना के लिए एक अक्टूबर की निर्धारित तिथि लागू नहीं होगी।

इसी प्रकार टीसी के आधार पर प्रवेश लेने वालों पर भी एक अक्टूबर की निर्धारित तिथि पर न्यूनतम आयु 6 वर्ष होने का नियम लागू नहीं होगा। इस आदेश में यह भी उल्लेख है कि जन्म तिथि द्वारा आयु की गणना कर आरटीई या गैर आरटीई के अन्तर्गत आयु के आधार पर प्रथम बार कक्षा एक में नवीन प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों पर ही एक अक्टूबर, 2024 तक न्यूनतम आयु 6 वर्ष होने का नियम लागू होगा।

हेरिटेज निगम की पशु प्रबंधन शाखा ने की कार्रवाई

# खुले में मांस बेच रहे थे, 5 दुकानें सीज

**बेधड़क** | जयपुर

नगर निगम हेरिटेज की पशु प्रबंधन शाखा ने गुरुवार को बिना लाइसेंस और खुले में मीट बेचने वाली दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पांच दुकानें सीज की हैं। हेरिटेज निगम के पशु प्रबंधन शाखा उपायुक्त राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि हेरिटेज निगम की ओर से बिना लाइसेंस और खुले में मांस बेचने पर कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार को निगम टीम ने भट्टा बस्ती, बगरु वालों का रास्ता और चांदपोल में निरीक्षण किया। इस दौरान कई दुकानों पर खुले में मीट बेचा जा रहा था। इस पर चेकिंग करने पर पांच दुकानों के पास लाइसेंस भी नहीं मिले, इस पर कार्रवाई करते हुए पांचों मीट दुकानों को सीज किया गया। इसके अलावा 90 किलो मीट, 19 जिंदा मुर्गे और छह पिंजरे जब्त किए गए। वहीं, अन्य दुकानों पर अनियमितता पाए जाने पर 5500 रुपए का चालान भी किया गया। उपायुक्त राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि शाखा की ओर से लगातार कार्रवाई की जाएगी। नियमों के विपरीत दुकान चलाने पार आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।



नगर निगम ग्रेटर ने अलग से जारी किया हेल्पलाइन नंबर

# सीवर ब्लॉक तो चक्कर न काटें, कॉल करें

**बेधड़क** | जयपुर

अगर आप नगर निगम ग्रेटर के एरिए में रहते हैं और आपके इलाके में सीवरेज  सीवरेज ब्लॉक संबंधी समस्या है तो अब परेशान होने की जरूरत नहीं है। इसके लिए निगम ने अलग से टोल फ्री नंबर जारी किया है।

नगर निगम ग्रेटर की कमिश्नर रुक्मणि रियाड़ ने बताया कि सीवर संबंधी शिकायतों के लिए हमने नई हेल्पलाइन सेवा शुरू की है। अगर कही भी सीवर ब्लॉक हो गया है तो निगम कार्यालय के चक्कर लगाने के बजाए आमजन टोल फ्री नंबर 14420 पर कॉल करके शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स के सफाई मित्र सुरक्षा अभियान के तहत यह टोल फ्री नंबर जारी किया है, जिससे आप घर बैठे ही अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। इसमें नंबर पर विशेष तौर पर सीवर लाइन ब्लॉकेज संबंधी शिकायत ही दर्ज की जाएगी और उनका समय पर निस्तारण किया जाएगा।




नगर निगम ग्रेटर के उपायुक्त गैराज अतुल शर्मा के मुताबिक अगर किसी व्यक्ति को अपने घर का सैप्टिक टैंक साफ करवाना है तो वह इस नंबर पर शिकायत करके करवा सकता है। इसके लिए निगम की ओर से 1000 रुपए चार्ज निर्धारित है। इसके अलावा गली-मोहल्ले में अगर नगर निगम की डाली गई सीवर लाइन में कोई ब्लॉकेज है तो उसे भी ठीक करवाने के लिए शिकायत दर्ज की जा सकती है।

पुलिस थाना शिप्रापथ की कार्रवाई

# चेन स्नेचिंग का मुख्य सरगना महिला साथी संग गिरफ्तार

**बेधड़क** | जयपुर

शिप्रापथ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चेन स्नेचिंग गिरोह के मुख्य सरगना को उसकी महिला साथी के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि आयुक्तालय क्षेत्र में लगातार हो रही चैन-मोबाइल स्नेचिंग की वारदातों पर प्रभावी रोकथाम व स्नेचरों के विरुद्ध कार्रवाई संजय शर्मा आरपीएस सहायक पुलिस आयुक्त मानसरोवर जयपुर दक्षिण के सुपरविजन में अमित कुमार शर्मा पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना शिप्रापथ, जयपुर दक्षिण के नेतृत्व में थाना हाजा से टीम का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि विमला जैन पत्नी गौतम जैन (63 वर्ष) जाति जैन निवासी मकान नंबर 70 विश्वकर्मा नगर 2 महारानी फार्म पुलिस थाना शिप्रापथ जयपुर दक्षिण ने मामला दर्ज करवाया था कि वह 7 जुलाई को प्रातः काल 8:30 से 8:45 के बीच सीडलिंग स्कूल महारानी फार्म से मंदिर की ओर से होते हुए अपने पति के साथ पैदल घर आ रही थी। तभी मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग पास से निकले और मेरे गले से सोने की चेन खींच कर ले गए। मेरे पति ने उनका पीछा किया परंतु वे तेज गति से मोटरसाईकिल दौड़ा कर निकल गए। पीड़िता ने बताया कि यह घटना पार्क के बड़े गेट आर मकान नम्बर 205 महावीर नगर 2 के सामने हुई थी।



### सीसीटीवी फुटेज खंगाले

रिपोर्ट पर थाना हाजा पर मुकदमा नम्बर 556/2024 धारा 304(2) बीएनएस में दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। थाना हाजा की स्पेशल टीम द्वारा थाना घटनास्थल का बारीकी से निरिक्षण किया गया। वहां के सीसीटीवी फुटेज लिए। इसके बाद स्नेचिंग की वारदातों के घटनास्थलो के सीसीटीवी फुटेज से वारदात में प्रयुक्त वाहन व हुलिए का मिलान कर आरोपियों को चिह्नित कर उनकी तलाश शुरू की गई।

### अन्य की तलाश जारी

मुखबिर खास की सूचना पर वारदात को अंजाम देने वाले स्नेचरो की पहचान की गई। इसके बाद वारदात में शामिल आरोपी अरुण उर्फ काकु व वारदात में शामिल उसकी महिला मित्र कोमल मौर्या को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के अन्य साथियों की तलाश जारी है।

# 125 फीट लंबी सुरंग बनाकर क्रूड ऑयल चुराने वाले दबोचे



**बेधड़क** | जयपुर

ब्यावर के एचपीसीएल पेट्रोल पंप की दीवार के पास 125 फीट लंबी सुरंग बना क्रूड ऑयल चोरी करने वाले तीन बदमाशों को एसओजी ने गिरफ्तार किया है।

इस मामले को लेकर आईओसीएल ब्यावर के अधिकारियों ने फरवरी 2024 में एसओजी में एफआईआर दर्ज करवाई थी। एसओजी के एडीजी वीके सिंह ने बताया कि 13 फरवरी 2024 को आईओसीएल के सीनियर अनुरक्षण प्रबंधक शेर सिंह चौहान की ओर से एसओजी में एक रिपोर्ट दी थी। मामला दर्ज होने के बाद मौके से फुट और फिंगर प्रिंट लेने के साथ अलग-अलग टीम बनाई गई। आरोपी सोहनराम को जोधपुर आईजी की साइक्लोन टीम की मदद से गिरफ्तार किया गया। वहीं मामले में फरार चल रहे भूपेंद्र सिंह को गुजरात के मोरबी और भगवान सिंह को गुजरात के वडोदरा से गिरफ्तार कर जयपुर लेकर आई है।

## जरूरी खबर

### सालावास हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में लगी भीषण आग



**जोधपुर।** शहर के निकटवर्ती सालावास रोड स्थित एक हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में गुरुवार सुबह भीषण आग लग गई। आग की तीव्रता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वहां पर दमकल की एक दर्जन गाड़ियों को बुलाया गया। दोपहर तक फैक्ट्री से धुआं उठता रहा। इसमें कोई जनहानि नहीं हुई है। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार सालावास में गुरुवार सुबह एक हैंडीक्राफ्ट में आग लगने की सूचना पुलिस नियंत्रण से मिलने पर गाड़ियां वहां भेजी गई। बासनी, बोरानाडा और शास्त्रीनगर से दर्जन भर दमकलें वहां पहुंच गई। आग से लाखों का नुकसान होने का अंदेशा जताया जाता है। आग कैसे लगी इस बारे में अभी स्पष्ट नहीं हुआ है।

### खरीफ फसलों का 31 जुलाई तक करवा सकेंगे बीमा

**बीकानेर।** प्रदेश में राज्य सरकार ने खरीफ 2024 के लिए फसल बीमा की अधिसूचना जारी कर दी है। संयुक्त निदेशक (कृषि) विस्तार कैलाश चौधरी ने गुरुवार को बताया कि जिले के लिए कृषि बीमा कंपनी अधिसूचित की गई हैं। किसान अपनी फसलों ग्वार, मोठ, मूंग, तिल, कपास, मूंगफली एवं बाजरा का बीमा बैंक या सीएससी के माध्यम से 31 जुलाई तक करवा सकते हैं।

### डी फार्मेसी और बी फार्मेसी की काउंसलिंग 18 से




**जोधपुर।** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय में संचालित डी और बी फार्मेसी में प्रवेश के लिए काउंसलिंग 18 और 19 जुलाई को आयोजित होगी। डी एवं बी फार्मेसी प्रवेश प्रक्रिया के लिए अस्थाई वरीयता सूची दस जुलाई को प्रकाशित कर दी गई थी। इसमें आपत्ति दर्ज करवाने की गुरुवार को अंतिम तिथि है, वहीं 15 जुलाई शाम छह बजे अंतिम वरीयता सूची प्रकाशित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 18 जुलाई को सुबह दस बजे से डी.फार्मेसी की काउंसलिंग आयोजित होगी। अगले दिन सुबह दस बजे से बी.फार्मेसी के विद्यार्थियों की काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। काउंसलिंग के दिन ही विद्यार्थियों को दस्तावेज का सत्यापन करवाकर शुल्क जमा करवाना होगा।

---

### रैली में 22 जिलों के उम्मीदवार हुए शामिल... ड्रग टेस्ट का भी किया गया परीक्षण

# उदयपुर में सेना भर्ती रैली में प्रदेश के युवाओं ने दिखाया जोश

**बेधड़क** | उदयपुर

उदयपुर के महाराणा प्रताप खेलगांव में एक से 11 जुलाई तक हुई 22 जिलों के लिए सेना भर्ती रैली में 90 प्रतिशत उम्मीदवार शामिल हुए। सैन्य प्रवक्ता कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया कि राज्य के युवाओं की विशेषता देशभक्ति की भावना और जोश को प्रदर्शित करते हुए भर्ती रैली में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। भर्ती रैली में ड्रग टेस्ट का भी परीक्षण किया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उम्मीदवार शारीरिक परीक्षण में प्रदर्शन बढ़ाने के लिए अनुचित साधनों का उपयोग नहीं करते है।





#### 90 प्रतिशत उम्मीदवार हुए शामिल

दक्षिण राजस्थान और विशेष रूप से दक्षिण राजस्थान के आदिवासी जिलों के लोगो की जागरुकता और भागीदारी बढ़ाने के लिए उदयपुर में आयोजित सेना भर्ती रैली में 90 प्रतिशत उम्मीदवार शामिल हुए। सैन्य प्रवक्ता कर्नल अमिताभ शर्मा ने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षो में भारतीय सेना में भर्ती के लिए उम्मीदवारों की बड़ी भागीदारी और सफलता होगी। मुख्यालय भर्ती क्षेत्र, जयपुर ने रैली में भाग लेने वाले उम्मीदवारों के लिए किए गए सहयोग और व्यवस्थाओं के लिए नागरिक प्रशासन के प्रयासों की सराहना की।

#### भरतपुर में अगली भर्ती रैली 19 अगस्त से

भरतपुर में 19 से 27 अगस्त 2024 तक होने वाली अगली भर्ती रैली को भी इसी तरह की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने की उम्मीद है। मुख्यालय भर्ती क्षेत्र जयपुर ने भरतपुर के नागरिक प्रशासन के साथ मिलकर इसके सुचारू संचालन और भाग लेने वाले उम्मीदवारों की सुविधा के लिए सभी व्यवस्थाएं कर रहा है। मुख्यालय भर्ती क्षेत्र जयपुर ने बताया कि ऑनलाइन सीईई की शुरुआत के साथ, भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी हो गया है और इसलिए भर्ती रैलियों में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को दलालों के जाल में नहीं फंसना चाहिए। उन्हें अपनी तैयारी पर भरोसा रखना चाहिए और सफलता के लिए उत्साह के साथ रैलियों में भाग लेना चाहिए।

---

### एक परिवार के चार लोगों की टैंकर के नीचे दबने से गई जान

# कार पर पलटा पेट्रोल से भरा टैंकर, चार की मौत

**बेधड़क** | राजसमंद

जिले के चारभुजा थाना इलाके में गुरुवार सुबह ट्रेलर और टैंकर की भिड़ंत के बाद पेट्रोल से भरा टैंकर एक कार पर पलट गया। इस दौरान कार में सवार एक परिवार के चार लोगों की टैंकर के नीचे दबने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पहुंची और क्रेन की मदद से टैंकर को हटाया और कार से सभी शवों बाहर निकाला और अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि हादसा गुरुवार सुबह सवा 8 बजे चारभुजा थाना सर्किल में राजसमंद-गोमती फोरलेन पर मानसिंह का गुढा में हुआ था, जहां केलवाड़ा राजसमंद के रहने वाले कार सवार दीनबंधु (32) पुत्र जगदीश उपाध्याय, पुरुषोत्तम उर्फ पवन उपाध्याय (40), पुत्र जगदीश उपाध्याय, रेणुका उपाध्याय (34) पत्नी पुरुषोत्तम उपाध्याय, मनसुख देवी (68) पत्नी जगदीश उपाध्याय उदयपुर से ब्यावर के लिए जा रहे थे। इस दौरान कार को ओवरटेक करने के चक्कर में ट्रेलर और टैंकर की भिड़ंत हो गई और पेट्रोल से भरा टैंकर उनकी कार पर पलट गया।







हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। जहां टैंकर के नीचे दबी कार को निकालने के लिए सिविल डिफेंस टीम को भी बुलाया गया और क्रेन मंगवाकर टैंकर को सीधा कार से दीनबंधु, पुरुषोत्तम, मनसुख देवी और रेणुका को बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने सभी को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार दीनबंधु और पुरुषोत्तम सगे भाई थे। रेणुका पुरुषोत्तम की पत्नी थीं। मनसुख देवी दीनबंधु और पुरुषोत्तम की मां थीं।

#### कार ने बाइक को मारी टक्कर तीन घायल

**सिंघाना (झुंझुनूं)।** पचेरीकलां टोल टैक्स के पास गुरुवार दोपहर को एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। घायलों में एक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे झुंझुनूं रेफर कर दिया गया। हादसे में घायल ठिंचौली निवासी सुनील कुमार ने बताया कि वह अपने चचेरे भाई राज उर्फ राजू, साथी पंकज के साथ बाइक पर पचेरीकलां किसी काम से जा रहा था। पचेरीकलां टोल टैक्स के पास पहुंचे तो सामने से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों घायल हो गए।

---

### आठ साल की मासूम दिव्यांग से घर में घुसकर किया था रेप

# बलात्कारी को 20 साल के कारावास की सजा

■ 50 हजार के अर्थदंड से भी किया दंडित



**बेधड़क** | भरतपुर

जिले के रूपवास थाना क्षेत्र के एक गांव में दो साल पहले 8 वर्षीय दिव्यांग से दुष्कर्म केस में गुरुवार को पॉक्सो कोर्ट संख्या 2 के विशिष्ट न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए दोषी को 20 साल के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही अदालत ने 50 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया गया है।

विशिष्ट लोक अभियोजक महाराज सिंह सिनसिनवार ने बताया कि रूपवास थाने में 22 मार्च 2022 को पीड़िता की मां ने मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया गया था कि महिला अपने घर पर 8 साल की दिव्यांग नाबालिग बेटी और दो छोटे बेटों को छोड़कर खेत पर काम करने गई थी, तभी आरोपी गोपाल (26) घर में घुस आया और नाबालिग को उठाकर कमरे में ले गया। छोटा बेटा खेत पर पहुंचा और घटना के बारे में अपनी मां को बताया। इसके बाद पीड़िता की मां दौड़कर घर पहुंची। नाबालिग दिव्यांग बदहवास हालत में जमीन पर पड़ी मिली। आरोपी ने धमकी दी कि घटना के बारे में किसी को बताया तो जान से मार दूंगा और आरोपी मौके से भाग निकला। मामले में पीड़िता की मां ने रूपवास थाने में मामला दर्ज कराया था। मामले की पॉक्सो कोर्ट संख्या 2 में सुनवाई हुई।

विशिष्ट लोक अभियोजक महाराज सिंह सिनसिनवार ने 27 गवाहों और दस्तावेजों को परीक्षित कराया। विशिष्ट न्यायाधीश अखिलेश कुमार ने आरोपी गोपाल को 20 साल के कठोर कारावास और 50 हजार के आर्थिक दंड से दंडित किया।

---

### अब 14 जुलाई को दूल्हे के रूप में देंगे दर्शन

# गर्भ गृह पहुंचे भगवान जगन्नाथ

**बेधड़क** | अलवर

जन-जन के आराध्य भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा महोत्सव की शुरुआत गुरुवार सुबह 6 बजे से हो गई। महोत्सव के तहत पुराना कटला सुभाष चौक स्थित जगन्नाथ मंदिर से 72 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू हो गया। इस दौरान भगवान जगन्नाथ के पट बंद किए गए।

अब 14 जुलाई तक श्रद्धालु बाहर से ही भगवान जगन्नाथ के आगे नतमस्तक होंगे। भगवान जगन्नाथ 14 जुलाई को दूल्हा रूप में श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। मंदिर के महंत पुष्पेंद्र शर्मा ने बताया कि गुरुवार सुबह 6 बजे से मंदिर प्रांगण में अखंड कीर्तन की शुरुआत हो गई। यह कीर्तन 14 जुलाई को सुबह 6 बजे तक जारी रहेगा। मंदिर प्रांगण में एक दिन में 12 भजन मंडली कीर्तन करेंगी। एक मंडली को मंदिर परिसर की ओर से 2 घंटे का समय दिया गया है। इसके साथ ही भगवान जगन्नाथ की आरती भी गर्भगृह में भगवान जगन्नाथ की प्रतिमा के आगे लगे पर्दे के बाहर से ही की जाएगी। इस दौरान भगवान जगन्नाथ की अंग सेवा भी की जाएगी।



---

### NDPC एक्ट व शराब तस्करी केस में थे वांछित

# फरार चल रहे इनामी बदमाशों को दबोचा

**बेधड़क** | बाड़मेर

बाड़मेर में थाना रीको, ग्रामीण व शिव पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए थाना झाब जिला सांचौर के एनडीपीएस एक्ट के मामले में 15 माह से फरार 10 हजार के इनामी को, वहीं डीएसटी ने शराब तस्करी के मामले में हनुमानगढ़ जिले में 10 साल से वांछित 20 हजार के इनामी को दस्तयाब करने में सफलता हासिल की है।

एसपी नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नाजिम अली व सीओ रमेश कुमार के सुपरविजन एवं एसएचओ ग्रामीण दिनेश लखावत, एसएचओ शिव सुमेर सिंह व एसएचओ रीको देवाराम के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा थाना झाब जिला सांचौर के एनडीपीएस एक्ट के मामले में 15 महीने से फरार चल रहे 10 हजार के इनामी जसवंत सिंह राजपूत पुत्र प्रेम सिंह निवासी मुंगेरिया थाना शिव को दस्तयाब किया है।एसपी ने बताया कि इसी प्रकार डीएसटी प्रभारी विक्रम सिंह मय टीम द्वारा आसूचना व तकनीकी सहायता से अवैध शराब की तस्करी में हनुमानगढ़ जिले में 10 साल से वांछित 20 हजार के इनामी हिंगोल सिंह पुत्र खान सिंह राजपूत निवासी देदूसर थाना बीजराड़ के गांव दबिश दी। पुलिस की भनक लगते ही आरोपी भागने लगा, जिसे पीछा कर टीम ने दबोच दिया।



---

### दानपात्र से 88KG चांदी और आधा किलो सोना भी मिला

# श्री सांवलिया सेठ के खजाने से नोटों की 'बारिश'

**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

प्रसिद्ध कृष्ण धाम श्री सांवलिया सेठ के खोले गए दानपात्र से अब तक का रिकॉर्ड तोड़ चढ़ावा आया है। चार चरणों में पूरी हुई नोटों की गिनती में 18 करोड़ 95 लाख रुपए से अधिक का भक्तों ने चढ़ावा चढ़ाया है।

मासिक खोले गए दानपात्र व भेंट कक्ष से अब तक की हुई नोटों की गिनती में सबसे अधिक राशि निकली है। इसके अलावा 88 किलो से अधिक चांदी व आधा किलो से ज्यादा सोना भी चढ़ावे में आया है। 4 जुलाई को राजभोग आरती के बाद दानपात्र खोला गया था। सांवरा सेठ के दानपात्र से पहले चरण में 7 करोड़ 70 लाख 41 हजार रुपए के नोटों की गिनती हुई। पांच जुलाई को अमावस्या होने से नोटों की गिनती नहीं हो सकी। इसके बाद 8 जुलाई को दूसरे चरण की गिनती शुरू हुई। इसमें 4 करोड़, 35 लाख 40 हजार रुपए के नोटों की गिनती हुई। 9 जुलाई को तीसरे राउंड की गिनती में 2 करोड़ 78 लाख 60 रुपए मिले।



#### 18 करोड़ 95 लाख की नकदी निकली

चौथे चरण की गिनती की गई। इसमें भंडार की शेष राशि की गिनती में 62 लाख एक हजार रुपए की गिनती हुई। भंडार से कुल 15 करोड़ 46 लाख 42 हजार रुपए प्राप्त हुए, वहीं ऑनलाइन व भेंटकक्ष से 3 करोड़ 49 लाख 13 हजार 471 रुपए प्राप्त हुए। जुलाई माह में खोले गए दानपात्र से कुल 18 करोड़ 95 लाख 55 हजार 471 रुपए की राशि का दान प्राप्त हुआ। भेंट कक्ष व दानपात्र से 88 किलो 877 ग्राम चांदी और 505 ग्राम 500 मिली ग्राम सोने का चढ़ावा भक्तों ने चढ़ाया है।

#### चढ़ावे का अब तक का टूटा रिकॉर्ड

हर माह कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी पर भगवान श्रीसांवलिया सेठ का भंडार खोला जाता है। भंडार खोलने से पहले राजभोग आरती की जाती है। श्रीसांवलिया मंदिर मंडल मंडफिया के सीईओ राकेश कुमार, मंदिर मंडल अध्यक्ष भैंरूलाल गुर्जर समेत मंदिर मंडल के सदस्यों की मौजूदगी में इस बार भंडार खोला गया। जब चार चरणों की गिनती पूरी हुई तो चढ़ावे के पिछले सभी रिकॉर्ड टूट गए। गत जून माह में श्रीसांवलिया सेठ के दानपात्र से 17 करोड़, 12 लाख 74 हज़ार, 984 रुपए की दान राशि निकली थी। इसके अलावा एक किलो 849 ग्राम 510 मिली ग्राम सोना और 68 किलो 6 ग्राम 500 मिली ग्राम चांदी प्राप्त हुई थी।

---

### MBM विवि का दीक्षांत समारोह आज

# राज्यपाल कलराज मिश्र आज आएंगे जोधपुर

**जोधपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र शुक्रवार को जोधपुर आएंगे तथा एमबीएम विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में भाग लेंगे। एमबीएम विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह विवि के सभागार में आयोजित होगा। राज्यपाल कलराज मिश्र छात्र-छात्राओं को उपाधियों का वितरण करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार राज्यपाल कलराज मिश्र 12 जुलाई को सुबह 11 बजे जोधपुर पहुंचेंगे तथा यहां से सर्किट हाउस जाएंगे। फिर वे 11:25 बजे भगत की कोठी स्थित जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के न्यू कैंपस तथा फिर एमबीएम विश्वविद्यालय पहुंचेंगे। राज्यपाल कलराज मिश्र दोपहर 12 बजे एमबीएम विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में भाग लेंगे तथा उसके बाद 3:30 बजे जयपुर के लिए रवाना होंगे।

#### विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक व उपाधियां दी जाएगी

एमबीएम विश्वविद्यालय के कुलपति अजय कुमार शर्मा ने बताया कि दीक्षांत समारोह की सारी तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई है। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल कलराज मिश्र करेंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रगान व दीप प्रज्ज्वलन के बाद भारतीय संविधान की उद्देशिका व संविधान के मूल कर्तव्यों का पठन होगा।

## सीबीएसई ने नोटिस जारी कर दी स्टूडेंट्स और अभिभावकों को सूचना

# सिलेबस में नहीं किया गया कोई बदलाव... पिछले साल वाला ही रहेगा

बेधड़क | नई दिल्ली

सीबीएसई बोर्ड की ओर से नोटिस जारी कर बताया गया है कि इस साल कक्षा 3 और 6 को छोड़कर और किसी क्लास के करिकुलम या सिलेबस में कोई बदलाव नहीं गया है।

सभी स्कूलों को ये निर्देश है कि पिछले एकेडमिक सेशन यानी (2023-24) का सिलेबस ही इस साल भी पढ़ाया जाएगा। बोर्ड ने इस संबंध में X पर नोटिस जारी किया है। इससे पहले मार्च 2024 में बोर्ड ने अपने सभी संबद्ध स्कूलों को कक्षा 3 और 6 का नया सिलेबस और किताबें लागू करने का निर्देश दिया था। नोटिफिकेशन में बोर्ड ने स्कूलों को NCERT की 2023 तक पब्लिश हुई किताबें इस्तेमाल करने का निर्देश दिया था।




### मई में बदल दिया था 9वीं का करिकुलम

सीबीएसई ने 22 मई को क्लास 9 के करिकुलम में बदलाव करने की जानकारी सामने रखी थी हालांकि, ये बदलाव अब इस एकेडमिक सेशन में लागू नहीं होंगे। सीबीएसई के सेकेंडरी स्कूल करिकुलम के अनुसार, अब क्लास 9 में ही स्टूडेंट्स को 5 कोर सब्जेक्ट्स के अलावा छठा इलेक्टिव सब्जेक्ट चुनना होगा। क्लास 9 में जो सब्जेक्ट इलेक्टिव के तौर पर चुना हो, उसे क्लास 10 में बदलने का ऑप्शन नहीं होगा। दरअसल, क्लास 10 में स्टूडेंट्स के पास 5 कोर सब्जेक्ट्स के अलावा एक इलेक्टिव सब्जेक्ट लेने का भी ऑप्शन होता है। अगर किसी लैंग्वेज सब्जेक्ट में कम मार्क्स हों, तो उस सब्जेक्ट का स्कोर इलेक्टिव सब्जेक्ट के स्कोर से बदला जा सकता है। इससे स्टूडेंट का ओवरऑल रिजल्ट इम्प्रूव होता है।

### क्लास 9 में चुनना होगा इलेक्टिव सब्जेक्ट

सीबीएसई के सेकेंडरी स्कूल करिकुलम के मुताबिक क्लास 9 में स्टूडेंट्स को मैथ्स, साइंस, सोशल साइंस जैसे कोर सब्जेक्ट्स और दो लैंग्वेज सब्जेक्ट्स के अलावा तीसरा लैंग्वेज या स्किल बेस्ड इलेक्टिव सब्जेक्ट चुनना होगा। ऐसे में 9वीं में स्टूडेंट्स के पास टोटल 6 सब्जेक्ट्स होंगे।

### कोर सब्जेक्ट को बदलकर होगी मार्कशीट तैयार

अगर कोई स्टूडेंट क्लास 10 में साइंस, मैथ्स या सोशल साइंस में से किसी एक सब्जेक्ट में फेल हो जाता है और इलेक्टिव सब्जेक्ट में पास होता है, तो उस कोर सब्जेक्ट को स्किल या इलेक्टिव से बदलकर क्लास 10 की मार्कशीट तैयार की जाएगी। दोनों सब्जेक्ट के मार्क्स बदलकर नहीं लगाए जाएंगे बल्कि साइंटिफिक तरीके से बदले जाएंगे।

### क्लास 9 में 6 सब्जेक्ट्स का होगा एग्जाम

क्लास 9 में 5 कोर और 1 इलेक्टिव सब्जेक्ट के अलावा स्टूडेंट्स के पास आर्ट एजुकेशन, वर्क एक्सपीरियंस और हेल्थ एंड फिजिकल एजुकेशन जैसे 3 कंपल्सरी सब्जेक्ट्स भी होंगे। ऐसे में क्लास 9 में स्टूडेंट्स के पास टोटल 10 सब्जेक्ट्स होंगे। हालांकि, कोर और इलेक्टिव सब्जेक्ट्स के अलावा बाकी तीनों सब्जेक्ट्स का बोर्ड की तरफ से एग्जाम नहीं होगा। इन सब्जेक्ट्स के लिए स्कूल लेवल पर ही असेसमेंट होगा।

## Yuva स्टोरीज




### बोर्ड परिणाम और विद्यालय गतिविधियों और विकास पर चर्चा

**जयपुर।** दो दिवसीय प्राचार्य समीक्षा बैठक 2024 का गुरुवार को समापन समारोह संपन्न हुआ। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1( वायुसेना) के प्राचार्य अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन जयपुर संभाग की दो दिवसीय प्राचार्य समीक्षा बैठक 2024 का समापन समारोह पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 (वायु सेना) जोधपुर के तत्वाधान में जोधपुर में उपायुक्त डॉ. अनुराग यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस समीक्षा बैठक में जयपुर संभाग के तीनों सहायक आयुक्त विकास गुप्ता, माधव सिंह, इंदिरा मुद्गल और प्रशासनिक अधिकारी दिनेश कुमार शर्मा उपस्थित थे। जयपुर संभाग के सभी 78 प्राचार्यो के द्वारा वर्ष 2023- 24 के 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम को प्रस्तुत किया गया और आगामी बोर्ड परीक्षाएं (वर्ष 2024- 25) के उत्कृष्ट परिणाम पर चर्चा की गई। बैठक में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालयों की गतिविधियों और विकास पर परिचर्चा की गई। कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य श्री अशोक कुमार वर्मा और उपप्राचार्य मूल सिंह शेखावत के द्वारा उपायुक्त सहायक आयुक्त और प्रशासनिक अधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया । प्रह्लाद सिंह प्राचार्य कवि खेतड़ीनगर और समरीन कादरी, प्राचार्या केवि आईआईटी जोधपुर ने समीक्षा बैठक से सम्बंधित समस्त प्राचार्यो की और से अपने विचार अभिव्यक्त किए।

### मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस

### दुनियाभर के 300 प्रतिभागियों ने की इंजीनियरिंग के क्षेत्रों पर चर्चा

**जयपुर।** मणिपाल विश्वविद्यालय जयपुर में मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) बेंगलुरु, एनआईटी उत्तराखंड, यूनिवर्सिटी मलेशिया फांग अल-सुल्तान अब्दुल्ला, मलेशिया और कैस्टसार्ट यूनिवर्सिटी, थाईलैंड के सहयोग से 10 से 12 जुलाई तक इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन रीसेंट एडवांसेज इन फ्लूइड मकैनिक्स एंड नैनोइलैक्ट्रोनिक्स (आईसीआरएएफएमएन-2024) का आयोजन किया जा रहा है। कॉन्फ्रेंस में इंजीनियरिंग के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लूइड मकैनिक्स एंड नैनोइलैक्ट्रोनिक्स के प्रयोगात्मक, विश्लेषणात्मक और कम्प्यूटेशनल पहलुओं जैसे विविध विषयों को शामिल किया गया है। कॉन्फ्रेंस में दुनिया भर के प्रतिष्ठित उद्योग और शैक्षणिक विशेषज्ञों द्वारा 64 मुख्य व्याख्यान और आमंत्रित व्याख्यान दिया जा रहा है तथा 12 समानांतर तकनीकी सत्र चल रहे हैं। कॉन्फ्रेंस में दुनिया भर से 300 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे। वहीं आईसीटी, मुंबई के प्रोफेसर गणपति डी. यादव और एनआईटी, मिजोरम के निदेशक प्रोफेसर एस. सुंदर प्लैनकी टॉक्स प्रस्तुत करेंगे। कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता डॉ. धर्मेंद्र त्रिपाठी करेंगे तथा कॉन्फ्रेंस के संयोजक डॉ. कल्पना शर्मा और डॉ. राजशेखर वी. चौधरी हैं।



### सहायक आचार्य प्रतियोगी परीक्षा 2023

### 6 विषयों की मॉडल उत्तर कुंजी जारी

**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा 2023 के 6 विषय फिजिक्स, संस्कृत, बॉटनी, केमिस्ट्री, उर्दू तथा आर्ट हिस्ट्री विषय की मॉडल उत्तरकुँजियां आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। यदि किसी अभ्यर्थी को इन मॉडल उत्तर कुंजियों पर कोई आपत्ति हो तो निर्धारित शुल्क के साथ 13 जुलाई से 15 जुलाई को रात्रि 12 बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है। आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि आपत्तियां आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध मॉडल प्रश्न पत्रों के क्रमानुसार ही प्रविष्ट करनी होंगी। इन परीक्षाओं के मॉडल प्रश्न-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आपत्ति प्रामाणिक (स्टैंडर्ड, ऑथेंटिक) पुस्तकों के प्रमाण सहित ऑनलाइन ही प्रविष्ट करें। वांछित प्रमाण संलग्न नहीं होने की स्थिति में आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। इस परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के अतिरिक्त यदि कोई अन्य व्यक्ति आपत्ति दर्ज करवाते हैं, तो उन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। आयोग द्वारा प्रत्येक प्रश्न हेतु आपत्ति शुल्क रु 100/- (सेवा शुल्क अतिरिक्त) निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर उक्त परीक्षा के लिए उपलब्ध लिंक (क्वेश्चन आब्जेक्शन) पर क्लिक कर प्रश्नों पर आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। प्रति प्रश्न आपत्ति शुल्क रू 100/- (सेवा शुल्क अतिरिक्त) के हिसाब से कुल आपत्ति शुल्क ई-मित्र कियोस्क अथवा पोर्टल पर उपलब्ध पेमेंट गेटवे से भुगतान कर आपत्तियों को स्थाई रूप से दर्ज कराया जा सकेगा। शुल्क के अभाव में आपत्तियां स्वीकार नहीं की जाएगी। आयोग द्वारा शुल्क वापस लौटाने का प्रावधान नहीं है।

## इंटर में 11041 तो सीए फाइनल में 7122 ने की पास परीक्षा

# सीए परिणाम: जयपुर के रोहन की 5वीं रैंक

बेधड़क | जयपुर

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया ने सीए फाइनल और इंटरमीडिएट एग्जाम मई-2024 का रिजल्ट जारी कर दिया।

रिजल्ट में जयपुर के रोहन गर्ग ने फाइनल में 5वीं रैंक हासिल की है। वहीं, इंटरमीडिएट में जयपुर की प्रियांशी ने 13वीं और भव्य ने ऑल इंडिया 18वीं रैंक हासिल की है।

इंटरमीडिएट एग्जाम 11041 स्टूडेंट्स ने और सीए फाइनल 7122 स्टूडेंट्स ने पास किया है। इस रिजल्ट में जयपुर के सांगानेर के रहने वाले रोहन गर्ग ने 600 में से 473 नंबर लाकर 78.33 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। रोहन गर्ग सीए की तैयारी करने के साथ-साथ एक यू-ट्यूबर भी हैं। जब उनका रिजल्ट जारी हुआ तो उन्होंने यूट्यूब पर लाइव करते हुए इसका व्लॉग भी बनाया।



### पिता सीए नहीं बन पाए, बेटे को किया मोटिवेट

जयपुर के रहने वाले प्रियांशु शर्मा ने सीए इंटरमीडिएट में ऑल इंडिया रैंक 13वीं रैंक हासिल की है। जयपुर के ग्रीन एवेन्यू गजसिंहपुरा में रहने वाले प्रियांशु ने बताया कि उनके पिता अवधेश कुमार शर्मा टैक्स कंसल्टेंट हैं। उन्होंने भी सीए का एग्जाम दिया था, लेकिन सिलेक्ट नहीं हो पाए। ऐसे में वे उनको लगातार मोटिवेट करते रहते थे। प्रियांशु ने बताया कि वे रोजाना 12 से 13 घंटे पढ़ाई करते थे। इसी तरह टोंक के रहने वाले रौनक माहेश्वरी ने सीए इंटरमीडिएट में ऑल इंडिया 48वीं रैंक हासिल की हैं। रौनक के पिता अकाउंट ऑफिसर हैं। उन्होंने बताया- पिता के कहने पर एक साल पहले जयपुर आया था और यहीं रहकर तैयारी भी की।

### यू-ट्यूब पर बच्चों को देते हैं टिप्स

सीए में 5वीं रैंक हासिल करने वाले रोहन गर्ग ने बताया कि 12वीं तक की पढ़ाई मैंने गुजरात में नाना-नानी के पास की है। मेरे परिवार में मैं और मेरी मां वीणा अग्रवाल ही हैं। वे एक प्राइवेट हॉस्पिटल में नर्स हैं। पांच साल पहले मैं जयपुर आ गया था और यहीं रहकर सीए की तैयारी की है। रोहन ने बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति सही नहीं थी तो यूट्यूब पर बच्चों को सीए की तैयारी के लिए टिप्स देने लगा। उनके चैनल पर अभी 11 हजार सब्सक्राइबर हैं।

### टेस्ट सीरीज का है अहम रोल

जयपुर निवासी गौरव मित्तल ने सीए फाइनल में ऑल इंडिया 35वीं रैंक हासिल की है। गौरव ने बताया कि वे दिल्ली में आर्टिकलशिप कर रहे हैं। यह जर्नी काफी चैलेंजिंग रही, लेकिन सही गाइडेंस की वजह से यह सफलता मिली है। टेस्ट सीरीज का इसमें अहम रोल रहा है। उन्होंने बताया कि मैंने कोई भी टेस्ट सीरीज मिस नहीं की। जयपुर की तन्वी अग्रवाल ने सीए इंटरमीडिएट में ऑल इंडिया 43 वीं रैंक हासिल की है। तन्वी ने बताया इस तैयारी में मॉड्यूल का काफी अहम रोल रहा है। आगे चलकर सीए फाइनल को वन अटेम्प्ट में क्लियर करना है।

### CA फाइनल टॉपर्स की लिस्ट

- नई दिल्ली के शिवम मिश्रा - AIR 1 - 500 अंक (83.33 फीसदी)
- दिल्ली की वर्षा अरोड़ा - AIR 2 - 480 अंक (80 फीसदी)
- मुंबई की किरण राजेंद्र सिंह मनराल - AIR 3 - 477 अंक (79.50 फीसदी)
- नवी मुंबई के घीलमन सलीम अंसारी - AIR 3 - 477 अंक (79.50 फीसदी)
- जयपुर के रोहन गर्ग: AIR 5- 473 अंक (78.33 फीसदी)

### भवानी निकेतन परिसर में किया गया वन महोत्सव आयोजित

**जयपुर।** भवानी निकेतन शिक्षा समिति के पूर्व सचिव स्वर्गीय राजेन्द्र सिंह बगड़ की 71वीं जयन्ती के अवसर पर शिक्षा समिति एवं राजेन्द्र सिंह बगड़ मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में वनमहोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान शिक्षा समिति परिसर में भाजपा नेता सुरेश मिश्रा व राम सिंह चंदलाई, अध्यक्ष श्री राजपूत सभा भवन, जालिम सिंह आसपुरा संरक्षक श्री भवानी निकेतन शिक्षा समिति व



समाज के गणमान्य लोगों भंवर अजित सिंह चूरू, विद्याधर नगर विद्यान सभा क्षेत्र के पार्षद रामकिशोर प्रजापत, विजेन्द्र सिंह पाल, सुरेश जांगिड़, अजय सिंह चौहान के सानिध्य में पौधारोपण किया गया। इसके साथ ही श्री भ0नि0 शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष, कार्यकारिणी के सदस्य, जनरल काउन्सिल सदस्य एवं श्री राजपूत सभा के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री भवानी निकेतन के समस्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारी, छात्र-छात्राओं, एन.सी.सी. कैडेट ने समिति परिसर में खेजड़ी, अशोक, बरगद, पीपल, नीम आदि के 200 से अधिक पौधे लगाए।




### विश्व जनसंख्या दिवस पर निकली रावत पब्लिक स्कूल की रैली

बेधड़क | जयपुर

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर रावत पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर के विद्यार्थियो द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान प्रताप नगर के एनआरआई सर्किल पर बढ़ती जनसंख्या के प्रति जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से किया गया। आयोजन में 200 से अधिक विद्यार्थी,टीचर्स और वॉलिंटियर्स ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक में बढ़ती जनसंख्या के नकारात्मक प्रभावों को परिलक्षित किया। नुक्कड़ नाटक को आस पास के लोगों ने पूरी रुचि के साथ देखा और प्रशंसा की। रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी एस रावत ने बताया कि विद्यालय द्वारा समय समय पर सामाजिक जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं। रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक एवम अक्षेंद्र वेलफेयर सोसाइटी के सचिव नरेंद्र सिंह रावत ने इस जागरूकता अभियान की सफलता के लिए स्कूल की टीम एवम विद्यार्थियो को बधाई दी। विद्यालय की प्राचार्या मैत्रेयी शुक्ला ने नुक्कड़ नाटक के प्रतिभागियों की सराहना की।

### नवागंतुकों का तिलक लगाकर किया स्वागत



**जयपुर।** कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर में गुरुवार को शैक्षणिक सत्र 2024-25 का शुभारंभ हुआ। इसके साथ ही महाविद्यालय में बी.ए. पासकोर्स, बी.ए. ऑनर्स (अर्थशास्त्र, अंग्रेज़ी साहित्य, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान) बी.कॉम, बीबीए, बीसीए, बी.एस.सी. (बायोलॉजी, मैथ्स, होम साइंस, बायोटेक) आदि पाठ्यक्रमों की प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं शुरू हुई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने तिलक लगाकर छात्राओं का स्वागत किया और कक्षाओं का दौरा करते हुए छात्राओं से संवाद कर उन्हें नियमित कक्षाओं में आने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उप-प्राचार्य डॉ. सुनीता माथुर, डॉ. मनीषा माथुर, डॉ. रंजना अग्रवाल तथा अन्य प्राध्यापिकाओं ने भी छात्राओं का अभिनंदन किया। महाविद्यालय के पहले दिन बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

**पौधारोपण** ‘एक पेड मां के नाम’ अभियान के तहत राजस्थान विश्वविद्यालय में पौधारोपण

# पर्यावरण संरक्षण के लिए युवाओं की जागरूकता जरूरी

बेधड़क | जयपुर

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर राजस्थान विश्वविद्यालय में वृहद् पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर ‘एक पेड़ माँ के नाम अभियान का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा सहित उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा, लोकसभा सांसद मंजू शर्मा, विधायक एवं सिण्डीकेट सदस्य गोपाल शर्मा व कुलदीप धनकड एवं नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर सम्मिलित हुए।

अभियान का शुभारम्भ करते हुए कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर एवं संघटक महाविद्यालयों में तकरीबन पांच हजार पौधारोपण किये जाने का संकल्प लिया गया है। गौरतलब है कि राज्यपाल सचिवालय राजस्थान द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस गुरुवार को ‘एक पेड माँ के नाम’ अभियान के तहत वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करने सम्बन्धी जारी निर्देशों की पालना में गुरुवार को को सुबह 11 बजे यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### पौधों की सुरक्षा एवं नियमित देखभाल की व्यवस्था के निर्देश

प्रो. कटेजा ने बताया कि इस अभियान के तहत विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालयों व सभी विभागों को भी स्वयं के स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर लगाए जाने वाले समस्त पौधों की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम कराते हुए नियमित देखभाल की व्यवस्था सम्बन्धी निर्देश प्रदान किये गये हैं, जिससे अभियान की संकल्पना साकार हो सके। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों एवं महाविद्यालयों के विभागाध्यक्ष, प्राचार्य सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक, अधिकारी व कर्मचारी भी शामिल हुए।



### विद्यार्थियों को पेड़ लगाने और देखभाल की दी जिम्मेदारी

जनसंख्या दिवस पर पौधारोपण की प्रासंगिकता बताते हुए प्रो. कटेजा ने बताया कि जनसंख्या में घातांकी वृद्धि के साथ-साथ शहरीकरण और औद्योगिकीकरण के कारण पर्यावरण प्रदूषण की समस्या बहुत बढ़ गई है। ऐसी स्थिति में पर्यावरण संरक्षण के लिए युवाओं को जागरूक करना अत्यावश्यक है। इसलिए सभी विद्यार्थियों को न सिर्फ पेड़ लगाने बल्कि उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी इस अभियान में दी जा रही है।


# हिंदी सिनेमा को नई दिशा देने वाला निर्देशक



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारतीय सिनेमा में बिमल रॉय का शुमार बाकमाल निर्देशकों में होता है। उन्होंने न सिर्फ़ टिकिट खिड़की पर कामयाब फिल्में बनाईं, बल्कि उनकी फिल्मों में एक मकसद भी हैं, जो फिल्मी मेलोड्रामा और गीत-संगीत के बीच कहीं ओझल नहीं होता। हिंदी सिनेमा का आज जो एक मुकम्मल चेहरा नजर आता है, उसमें बिमल रॉय का बड़ा योगदान है। एक ऐसे दौर में जब हिंदी फिल्मों में धार्मिक और ऐतिहासिक विषयों का बोलबाला था, बिमल रॉय ने अपने आप को सिर्फ़-ओ-सिर्फ़ सामाजिक और उद्देश्यपूर्ण फिल्मों तक सीमित किया। अपनी फिल्मों में किसान, मध्यवर्ग और महिलाओं के मुद्दों को अहमियत के साथ उठाया। अपने समय के ज्वलंत सवालों से कभी मुंह नहीं चुराया। बिमल रॉय ने प्रसिद्ध साहित्यिक कृतियों पर भी लाजवाब फिल्में बनाईं। चुस्त कथा-पटकथा-संवाद, उत्कृष्ट फिल्मांकन और मधुर गीत-संगीत कमोबेश उनकी सभी फिल्मों की पहचान है। सच बात तो यह है कि बिमल रॉय के बिना हिंदी सिनेमा का तसव्वुर नहीं किया जा सकता। फ़िल्मी दुनिया में उनका सिनेमा, 'बिमल रॉय स्कूल' के तौर पर जाना जाता है। जिनसे कई पीढ़ियां प्रशिक्षित होती रहेंगी। भारतीय सिनेमा में ऐसा बेमिसाल मुकाम बहुत कम फिल्म निर्देशकों को हासिल है।

अविभाजित भारत में ढाका के पास सुआपुर गांव में एक ज़मींदार परिवार में जन्मे बिमल रॉय ने साल 1935 में महज छब्बीस साल की उम्र में 'न्यू थियेटर्स' से अपना फिल्मी करियर शुरू किया। वे नामी निर्देशक नितिन बोस के सहायक कैमरामैन रहे। जल्द ही उन्हें स्वतंत्र कैमरामैन के तौर पर प्रमथेश चन्द्र बरुआ की फिल्म 'मुक्ति' मिल गई। सिनेमेटोग्राफ़र से डायरेक्टर बनने का सफ़र पूरा करने के लिए उन्हें नौ साल लगे। साल 1944 में बिमल रॉय ने अपनी पहली फिल्म 'उदयेर पथे' का निर्देशन किया, जो कामयाब रही। उसके एक साल बाद साल 1945 में 'न्यू थियेटर्स' ने इस फिल्म को हिंदी में 'हमराही' नाम से बनाया, जिसका निर्देशन भी बिमल रॉय ने ही किया। बलराज साहनी द्वारा अभिनीत यह रोमांटिक यथार्थवादी फिल्म,अपने एक अलग सब्जेक्ट की वजह से उस वक्त काफ़ी चर्चा में रही। सिनेमा के कुछ विशेषज्ञों का खयाल है कि 'हमराही' भारतीय सिनेमा में नवयथार्थवाद का प्रारंभ थी। दरअसल, बिमल रॉय यथार्थवाद और समाजवादी विचारधारा से शुरू से ही बेहद मुतास्सिर थे। इप्टा से जुड़े रहे वामपंथी खयालों के गीतकार शैलेन्द्र, संगीतकार सलिल चौधरी के साथ उन्होंने कई फिल्में कीं। जाहिर है इसका असर उनकी फिल्मों पर भी दिखाई देता है। बिमल रॉय की सबसे चर्चित फिल्म 'दो बीघा जमीन', इटली के नवयथार्थवादी सिनेमा खास तौर से विश्व प्रसिद्ध इतालवी निर्देशक वित्तोरियो द सिका की फ़िल्म 'बाइसिकिल थीव्स' से प्रभावित थी। यह बिमल रॉय की तीसरी फिल्म थी। इस फिल्म के साथ उन्होंने अपनी फिल्म कंपनी 'बिमल रॉय प्रॉडक्शन' भी शुरू की।



**निर्देशक बिमल रॉय की जयंती आज**

*"गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर की कहानी पर आधारित इस फिल्म में बलराज साहनी ने यादगार अभिनय किया है। इस फिल्म का जिक्र छिड़ते ही गीतकार प्रेम धवन का लिखा और गायक मन्ना डे द्वारा गाया दर्द भरा गीत 'ये मेरे प्यारे वतन तुझपे दिल कुर्बान..' याद आ जाता है। अपने शानदार निर्देशन के लिए बिमल रॉय को सात बार सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का फिल्मफ़ेयर अवॉर्ड मिला।"*

साल 1953 में प्रदर्शित 'दो बीघा जमीन' एक यथार्थवादी फिल्म थी, जो व्यावसायिक तौर पर कामयाब नहीं हुई। अलबत्ता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस फिल्म की काफ़ी सराहना हुई। यहां तक कि रूस, चीन, फ्रांस, स्विटजरलैंड आदि देशों में इस फिल्म का प्रदर्शन हुआ। फिल्म को कान्स और कार्लोवी वारी के अंतरराष्ट्रीय फिल्म उत्सवों में पुरस्कृत किया गया। 'दो बीघा जमीन', राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से भी सम्मानित की गई। संगीतकार सलिल चौधरी की कहानी पर बनी इस फिल्म की पटकथा जाने-माने निर्देशक ऋषिकेश मुखर्जी ने लिखी थी। जबकि फिल्म का नामकरण, रवीन्द्रनाथ ठाकुर की प्रसिद्ध कविता 'दुई बीघा जोमी' पर किया गया। फिल्म के गीत जनवादी गीतकार शैलेन्द्र और संगीत सलिल चौधरी का था। संवाद पॉल महेन्द्र ने लिखे। 'दो बीघा जमीन' एक ग़रीब किसान शंभू महतो की अपनी दो बीघा जमीन को जमींदार से बचाने के जद्दोजहद की कहानी है। 'दो बीघा जमीन' एक तरफ़ किसान और उनकी जमीन के सवाल को प्रमुखता से उठाती है, तो दूसरी ओर औद्योगीकरण के बदनुमा चेहरे से पर्दा भी उठाती है। फिल्म बतलाती है कि विकास किस तरह से चंद लोगों के लिए समृद्धि लेकर आता है और लोगों की बड़ी तादाद हाशिए पर धकेल दी जाती है। सामंतवाद हो या फिर सरमायेदारी इनमें आखिर में पिसती आम अवाम ही है। शोषण का दुष्चक्र उन्हें कहीं नहीं छोड़ता। गांव से शहरों की ओर जो पलायन हो रहा है, उसके पीछे एक बड़ी मजबूरी है। महानगरों में लोग बेहतर ज़िंदगी और ज्यादा कमाई की आस में जाते हैं, लेकिन वहां उनकी ज़िंदगी गांव से भी बदतर हो जाती है। 'दो बीघा जमीन', वाकई निर्देशक बिमल रॉय की एक शाहकार फिल्म है। सेल्युलाइड के पर्दे पर उन्होंने जैसे एक संवेदनशील कविता लिखी है। हिंदी सिनेमा में इस फिल्म का हमेशा ऑल टाइम क्लासिक का दर्जा रहेगा। 'दो बीघा जमीन', वह फिल्म है जिससे हिंदी सिनेमा में नई धारा का उदय हुआ।

बिमल रॉय, साहित्यकार शरतचंद्र चैटर्जी के साहित्य के बड़े प्रशंसक थे। उनके उपन्यास 'परिणीता', 'बिराज बहू' और 'देवदास' पर उन्होंने इसी नाम से तीन यादगार फिल्में बनाईं। जो बॉक्स ऑफिस पर बेहद कामयाब रहीं। बिमल रॉय ने पहली ही फिल्म से अपनी जो टीम बनाई, उसी के साथ फिल्में बनाना पसंद कीं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## कीर को अवसरों के साथ कई चुनौतियों का भी करना होगा सामना

# ब्रिटेन: नए निजाम का भारत के प्रति रुख




अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

*"भारत ब्रिटेन को पछाड़कर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश बन चुका है। वर्ष 2030 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन सकता है। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक अर्थव्यवस्था के आकार में भारत 2027 में जर्मनी से और 2030 में जापान से आगे निकल जाएगा। ऐसे में ब्रिटेन का भारत के साथ ट्रेड डील को लेकर गंभीर होना लाजिमी है।"*

ब्रिटेन में 14 साल बाद लेबर पार्टी की सत्ता में शानदार वापसी हुई है। हाउस ऑफ कॉमन्स के कुल 650 सीटों में लेबर पार्टी को कुल 412 सीटें मिली है। ऐतिहासिक जीत के साथ कीर स्टार्मर ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री होंगे। सत्ताधारी कंजर्वेटिव पार्टी को 121 सीटों पर संतोष करना पड़ा है जो अब विपक्ष की भूमिका में दिखेगी। अब सवाल यह है कि ब्रिटेन में बदले निजाम का भारत पर क्या असर होगा? क्या कीर स्टार्मर भारत को लेकर पुरानी पॉलिसी में बदलाव लाएंगे? फिलहाल इसकी संभावना कम है। महंगाई की बोझ तले दबे ब्रिटेन को अपनी आर्थिक स्थिति और फूड सप्लाई चेन को मजबूत करना शीर्ष प्राथमिकता में है। ऐसे में उसके लिए भारत से बेहतर रिश्ते बनाए रखना आवश्यक है। किसी से छिपा नहीं है कि रूस-यूक्रेन युद्ध से ब्रिटेन की फूड सप्लाई चेन बिगड़ चुकी है। दूसरी ओर यूरोपियन यूनियन से बाहर निकलने के बाद ब्रिटेन के पास अपने पुराने सहयोगियों के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है।

यूरोपीय यूनियन से अलग होने के बाद ब्रिटेन एक ऐसे मोड़ पर है जहां एक ओर अवसर है तो दूसरी ओर सघन चुनौतियां भी है। इन परिस्थितियों के बीच वैश्विक आर्थिक महाशक्ति के तौर पर उभर रहे भारत को लेकर ब्रिटेन की लेबर पार्टी का नजरिया नकारात्मक रखना कुल्हाड़ी पर पांव रखने जैसा होगा। फिलहाल ब्रिटेन की ओर से सकारात्मक संकेत ही मिल रहे है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री को बधाई दी है और बातचीत के दरम्यान दोनों नेताओं ने मुक्त व्यापार समझौते (फ्री टेड एग्रीमेंट-एफटीए) पर आगे बढ़ने पर सहमति जताई है। ब्रिटेन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री स्टार्मर ऐसा समझौता करने को तैयार हैं जो दोनों पक्षों के लिए काम करेगा। ध्यान देना होगा कि जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक द्वारा मुक्त व्यापार समझौते (फ्री टेड एग्रीमेंट-एफटीए) की समीक्षा की गई थी। तब दोनों नेताओं ने इस महत्वकांक्षी समझौते को मूर्त रुप देने की हामी भरने के साथ व्यापार, निवेश, विज्ञान और तकनीक जैसे व्यापक क्षेत्रों में भी आपसी सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया था। याद होगा जब ऋषि सुनक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने थे तब भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई देते हुए उम्मीद जतायी थी कि दोनों देश शीघ्र ही फ्री टेड एग्रीमेंट (एफटीए) को मूर्त रूप देंगे।



कीर स्टार्मर के प्रधानमंत्री बनने पर भी वैसा ही रुख अपनाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने इस मसले पर आगे बढ़ने की उम्मीद जताई है। गौर करें तो सैद्धांतिक तौर पर फ्री टेड एग्रीमेंट (एफटीए) की नींव पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने 2021 में अपनी भारत यात्रा के दौरान रखी थी। उनके बाद लिज ट्रस ने इस प्रस्तावित टेड समझौते का समर्थन कर इस दिशा में आगे बढ़ने पर जोर दिया। देखना दिलचस्प होगा कि इस मसले पर ब्रिटेन के नए निजाम का रुख क्या होता है। फिलहाल गौर करें तो आज भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय व्यापार तकरीबन चार लाख करोड़ रुपए का है। ऐसे में प्रस्तावित टेड समझौता मूर्त लेता है तो निःसंदेह दोनों देशों को टैक्स में बड़ी राहत मिलेगी। मुक्त व्यापार करार के तहत व्यापार में दो भागीदार देश आपसी व्यापार वाले उत्पादों पर आयात शुल्क में अधिकतम कटौती करते हैं जिसका फायदा दोनों देशों को मिलता है।

अगर फ्री टेड समझौते पर दोनों देश आगे बढ़ते हैं तो दोनों देशों के आर्थिक भागीदारी को नई ऊंचाई मिलेगी। इससे द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि होगी और बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार मिलेगा। फ्री टेड समझौते पर ब्रिटेन का भारत के साथ आना इसलिए भी उम्मीद जगाने वाला है कि आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है। भारत ब्रिटेन को पछाड़कर दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश बन चुका है। वर्ष 2030 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन सकता है। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक अर्थव्यवस्था के आकार में भारत 2027 में जर्मनी से और 2030 में जापान से आगे निकल जाएगा। ऐसे में ब्रिटेन का भारत के साथ टेड डील को लेकर गंभीर होना लाजिमी है। चूंकि भारत ने हमेशा से ब्रिटेन को यूरोपीय संघ के देशों के साथ व्यापार के मामले में एक 'मुख्य द्वार' के रुप में देखा है ऐसे में मुक्त व्यापार समझौता न केवल ब्रिटेन बल्कि भारत के लिए भी फायदे का सौदा होगा।

ब्रिटेन ने 2004 में भारत के साथ एक रणनीतिक साझेदारी शुरु की थी। इस रणनीतिक साझेदारी के तहत ब्रिटेन आतंकवाद, परमाणु गतिविधियों और नागरिक अंतरिक्ष कार्यक्रम में भारत के साथ है। दोनों देशों द्वारा भरोसा जताया जा चुका है कि 2030 तक आपसी संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में बदलना उनकी शीर्ष प्राथमिकता में होगा। जहां तक द्विपक्षीय व्यापार का सवाल है तो ब्रिटेन भारत का विश्व में दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक सहयोगी देश है। दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार जो 2018-19 में 16.7 अरब डॉलर, 2019-20 में 15.5 अरब डॉलर था वह अब बढ़कर 40 अरब डॉलर यानी चार लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच चुका है। इससे दोनों देशों के तकरीबन 5 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। गौर करें तो ब्रिटेन में लगभग 800 से अधिक भारतीय कंपनियां हैं जो आईटी क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। इस संदर्भ में टाटा इंग्लैंड में नौकरियां उपलब्ध कराने वाली सबसे बड़ी भारतीय कंपनी का दर्जा हासिल कर चुकी है। भारतीय कंपनियों का विदेशों में कुल निवेश 85 मिलियन अमेरिकी डॉलर के पार पहुंच गया है। दूसरी ओर ब्रिटेन से भारत के बीपीओ क्षेत्र में आउटसोर्सिंग का काम भी बहुत ज्यादा आ रहा है। आउटसोर्सिंग दोनों देशों के लिए लाभप्रद है।

अगर प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर टेड समझौते के साथ-साथ माइग्रेशन और मोबिलिटी पार्टनरशिप समझौते पर भी अपनी स्वीकृति की मुहर लगा देते हैं तो निःसंदेह भारत के प्रशिक्षित लोगों को ब्रिटेन जाने की राह और आसान हो जाएगा। वैसे उम्मीद किया जाना चाहिए कि ब्रिटेन के नए निजाम में नरमी से भारतीयों को फायदा मिलना तय है। उम्मीद है कि नए प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर पुरानी पॉलिसी पर ही आगे बढ़ेंगे जो कंजर्वेटिव सरकार के समय थी। वैसे देखें तो कंजर्वेटिव सरकार इमिग्रेशन कानून को लेकर ज्यादा सख्त थी। उसका खामियाजा भारतीय मूल के लोगों को भुगतना पड़ा। वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखें तो आतंकवाद से निपटने, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की दावेदारी का समर्थन, पर्यावरण, रक्षा उपकरणों व अत्याधुनिक हथियारों का साझा उत्पादन तथा अफगानिस्तान के हालात जैसे कई अन्य मसलों पर भी दोनों देशों की सोच एक जैसी है। कई वैश्विक मंचों के जरिए दोनों देश अनेकों बार अपने-अपने विचार साझा कर चुके हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि ब्रिटेन के नए निजाम कीर स्टार्मर भारत के साथ दोस्ती को कितना परवान चढ़ाते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## नॉलेज कॉर्नर: वर्ष 2013 में संयुक्त राष्ट्र ने 12 जुलाई को मलाला दिवस की घोषणा की

# महिला सशक्तीकरण के लिए मनाते हैं मलाला दिवस

क्या आप किसी ऐसे समाज की कल्पना कर सकते हैं जिसमें आपकी वैचारिक आज़ादी को पैरों तले रौंदने की कोशिश की जाती हो? क्या आप ऐसे समाज को सभ्य कह सकते हैं, जिसमें किसी को भी शिक्षा के अधिकार से वंचित रखा जाए? आज के लेख में आप ऐसी एक महिला के बारे में जानेंगे, जिन्होंने हमेशा जुल्म के खिलाफ अपनी आवाज उठाई और महिलाओं के अधिकारों के लिए साहस का प्रतीक बन गई। जी हां पाकिस्तान की समाजसेवी नोबेल पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई के जन्मदिन को ही मलाला दिवस के नाम से जाना जाता है। मलाला के बारे में जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### दुनियाभर की महिलाओं का सम्मान

हर साल 12 जुलाई को मनाए जाने वाला मलाला दिवस एक ऐसा दिन है, जिसको महिला सम्मान और महिलाओं की शिक्षा के अधिकारों के पक्ष में सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। मलाला दिवस को मानवता के बेहतर भविष्य के रूप में देखा जा सकता है क्योंकि इस दिन नोबेल पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई जन्म हुआ था। मलाला दिवस को मनाने का उद्देश्य महिलाओं में शिक्षित और शिक्षा के वातावरण के प्रीति जाग्रुकता फैलाने का होता है। मानवता को प्राथमिक के रूप में युवाओं को सद्मार्ग पर ले जाना साथ ही उम्मीदवारों को प्रेरित किया जाना चाहिए। पाकिस्तान की समाज सेवी नोबेल पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई के जन्मदिन के दिन मनाया जाता है क्योंकि मलाला ने अपने जीवन में जुल्म के खिलाफ आवाज़ उठाई।



### सबसे कम उम्र की नोबेल पुरस्कार विजेता है मलाला

मलाला ने दृढ़ संकल्पित होकर महिलाओं के सम्मान और शिक्षा के लिए आतंकवादी तालिबानी सोच से भी लोहा लिया। मलाला का जीवन मानवता के प्रति सम्मान में खड़ा हुआ पाया गया, जो युवा पीढ़ी के लिए मार्गदर्शन करेगा। 2014 में, 17 साल की उम्र में, मलाला को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जो इस पुरस्कार को प्राप्त करने वाली सबसे कम उम्र की व्यक्ति बन गयीं। उन्हें शिक्षा और महिलाओं के अधिकारों के लिए उनके साहसी वकालत के लिए पुरस्कार दिया गया था। इससे पहले वर्ष 2012 में, जब मलाला 15 साल की थीं, तब उन्हें तालिबान के आतंकवादियों ने उनके घर के पास सिर में गोली मार दी थी, क्योंकि उन्होंने लड़कियों के लिए शिक्षा के अधिकार की वकालत की थी। वह चमत्कारिक रूप से बच गयीं और इस घटना ने उन्हें एक वैश्विक प्रतीक बना दिया।


### 'आई एम मलाला' पुस्तक की लेखिका

*2013 में मलाला ने अपनी आत्मकथा "आई एम मलाला" प्रकाशित की, जिसमें उन्होंने अपनी प्रेरणादायक कहानी और तालिबान के अधीन जीवन के बारे में बताया। यह पुस्तक 38 भाषाओं में अनुवादित हो चुकी है और दुनिया भर में लाखों लोगों द्वारा पढ़ी गई है।*

कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी

## व्यंग्य

# बजट में कविताओं और शेरों-शायरी की बाइट !



सुनील कुमार महला
व्यंग्यकार

जीवन में हरेक आदमी हमेशा 'बजट' को लेकर चिंतित नजर आता है। बजट मतलब-'आय-व्यय पत्र।' अजी ! आदमी इस 'आय-व्यय पत्र' के बारे में चिंतित हो भी तो क्यों नहीं हो ? आखिर जीवन चलाने के लिए पैसा जो बहुत जरूरी है। बजट का जुगाड़ हर व्यक्ति को अपने जीवन में करना पड़ता है, अन्यथा बजट का गणित गड़बड़ा जाता है। वास्तव में पैसे और बजट में सीधा संबंध पाया जाता है।

वैसे, पैसा भगवान तो नहीं है लेकिन भगवान कसम भगवान से कम भी नहीं है। इसलिए आदमी द्वारा बजट की चिंता एकदम जायज है। हर कहीं इन दिनों बजट को लेकर अनेक चर्चाएं हो रही हैं। बजट पेश होने वाला जो है। वैसे बजट में कुछ और हो न हो, आजकल बजट में शेरों-शायरी, कविताएं खूब पढ़ी जाती हैं। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि आजकल बजट 'शायराना' हो चला है। यह वक्त का तकाजा है जी और कुछ भी नहीं। वैसे तकाजे के नाम से याद आया कि आज से बीस-बाइस साल पहले बजट के दौरान क्या जानदार शानदार शेरों-शायरी पढ़ी गई थी-' तकाजा है वक्त का की तूफान से जूझो, कहां तक चलोगे किनारे किनारे।' सच तो यह है कि आज कोई भी बजट में किनारे किनारे नहीं चलना चाहता। सीधे ही कविताओं और शेरों-शायरी में डूब जाता है। शेरों-शायरी और कविताएं बजट में न हों तो बजट ऐसे लगता है जैसे कोई खाना खाने को बैठा है और रोटी और चावल तो उपलब्ध हैं लेकिन सब्जी या दाल नहीं है। कविताओं व शेरों-शायरी बिना बजट, बिना दाल-सब्जी का सा बजट लगता है।

देखा जाए तो आजकल शेरों-शायरी और कविताएं तो बजट में गरम मसाला हो गया है, जो कि श्रोताओं/आमजन को अवश्य ही चाहिए होता है। हमारे खासमखास रामलुभाया जी कहते हैं कि दरअसल कविताओं और शेरों-शायरी के अलावा बजट में आम आदमी के लिए होता ही क्या है? इसलिए कविताओं और शेरों-शायरी का जूस पीओ और बरसों तक जीओ। खैर, जो है सो है। वैसे एक बात बताऊं शेरों-शायरी, कविताओं से बजट की अदाएं ही बदल जाती हैं। अदाएं सिर्फ और सिर्फ हिरोइनों में ही नहीं होतीं, आजकल बजट में होने लगीं हैं। अजी ! बजट से आम आदमी अनेक मासूम उम्मीदें करता है। सच तो यह है कि आजकल आदमी बजट से नहीं, बजट के दौरान पढ़ी जाने वाली कविताओं और शेरों-शायरी से ही उम्मीद करता है। लय कैसी होगी? ताल कैसी होगी? बड़ा सस्पेंस बना रहता है जी।

आजकल बजट नहीं, बजट में प्रस्तुत शेरों-शायरी और कविताएं ही आदमी को मोटिवेट करतीं हैं। रामलुभाया जी तो यहां तक कहते हैं कि कविताएं व शेरों-शायरी ही नहीं ,बजट में गाने-साने भी बजने चाहिए। हो सके तो ढ़ोल-नगाड़ों पर भी ध्यान केंद्रित किया जा सकता है। अजी ! आंकड़ों की बाजीगरी से दूर, बजट में मीडिया में छपने का जुगाड़ केवल और केवल कविताओं, शेरों-शायरी और संगीत से ही संभव हो सकता है। अजी ! आदमी तो यूं ही बजट का रोना रोता है। तो आइए बजट के बारे में फिल्म 'उरी' की तर्ज पर हम भी 'हाउ इज द जोश' पर कविताएं और शेरों-शायरी सुनकर दिल को 'हूम-हूम' करने की बजाय यह कहें कि 'जोश इज हाई सर !' कहें । अजी ! आप भी बजट आने पर बजट की यूं ही निंदा न कीजिए, आप तो बस महंगाई, बेरोजगारी को छोड़कर कविताओं और शेरों-शायरी का मज़ा लीजिए। जय राम जी की।



**जगत प्रकाश नड्ढा,** भाजपा अध्यक्ष
@JPNadda
'विकसित भारत' के लिए 'विकसित परिवार' का निर्माण आवश्यक है। भारत की आबादी में युवाओं की संख्या अधिक है। युवाओं के होने से परिवार नियोजन की आवश्यकता के लिए शिक्षा और जागरूकता का प्रसार करना आसान है।



**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
@myogiadityanath
जनपद श्रावस्ती के मोहनपुर भरथा और केवटन पुरवा में अचानक आई बाढ़ से राहत एवं बचाव के लिए संचालित अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए 5 पीएसी जवानों तथा 2 स्थानीय ग्रामीणों को पुरस्कार स्वरूप प्रशस्ति पत्र व ₹1-1 लाख की धनराशि प्रदान की जाएगी।

### तमिलनाडु के मुख्यमंत्री का केंद्र सरकार पर प्रहार, राज्य की परियोजनाओं के लिए धन स्वीकृत नहीं करने का आरोप

# भाजपा ने तमिलनाडु में लगातार चुनावी हार से नहीं सीखा सबक: स्टालिन

एजेंसी | धर्मपुरी (तमिलनाडु)

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने गुरुवार को केंद्र सरकार पर राज्य में प्रमुख परियोजनाओं के लिए धन स्वीकृत नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि तमिलनाडु में अपनी लगातार चुनावी हार से कोई सबक नहीं सीखा है।



यहां ग्रामीण क्षेत्रों में 'मक्कलुदन मुधलवर' योजना का विस्तार करते हुए स्टालिन ने कहा कि उनकी सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों के लोगों के लिए काम कर रही है, चाहे उन्होंने डीएमके को वोट दिया हो या नहीं। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि दूसरों में ऐसी उदारता नहीं देखी जा सकती।

स्टालिन ने कहा, भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनाव और राज्य में पिछले चुनावों से कोई सबक नहीं सीखा है। केंद्र सरकार के पास चेन्नई में मेट्रो रेल फेज-2 जैसी तमिलनाडु की प्रमुख परियोजनाओं के लिए धन आवंटित करने का दिल नहीं है और इसने अपने शासन के पिछले 10 वर्षों के दौरान राज्य में कोई भी बड़ी परियोजना लागू नहीं की है।

### सभी के लिए एक समान हो केंद्र सरकार का शासन

उन्होंने कहा, तमिलनाडु के लोगों की ओर से मैं कहता हूं, भाजपा को कम से कम अब यह महसूस करना चाहिए कि केंद्र सरकार का सभी लोगों के लिए एक समान शासन होना चाहिए, जो पसंद और नापसंद से परे हो। उन्होंने कहा कि जहां तक डीएमके का सवाल है, हम लोगों के साथ हैं और लोग हमारे साथ हैं। यही हमारी सफलता का रहस्य है और यही तमिलनाडु के विकास का रहस्य है। बता दें कि 'मक्कलुदन मुधलवर' योजना के विस्तार का शुभारंभ करते हुए उन्होंने लोगों की शिकायतों का समाधान करने और शिकायतों के निवारण के लिए सीएम हेल्पलाइन सहित सेवाओं को एकीकृत करके एक नया विभाग 'मुधलवरिन मुगावरी' बनाने जैसी पहलों को याद किया।

### 68.30 लाख याचिकाओं का निपटारा

स्टालिन ने कहा कि 7 मई, 2021 को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अब तक 68.30 लाख याचिकाओं में से 66.25 लाख याचिकाओं का निपटारा किया जा चुका है, संबंधित मुद्दों का समाधान किया गया है। उन्होंने समझाया कि यह योजना लोगों के लिए लाभकारी है, इसलिए अब इसे ग्रामीण क्षेत्रों में भी लागू किया गया है। प्रारंभ में, यह योजना नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों और शहरी इलाकों से सटे ग्राम पंचायतों में लागू की गई थी। मुख्यमंत्री ने 444.77 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से पूरी हुई 621 परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। साथ ही, उन्होंने 2,637 लाभार्थियों को सहायता राशि वितरित करने की शुरुआत करते हुए लोगों को कल्याण सहायता भी वितरित की। धर्मपुरी जिले के लिए की जाने वाली नई पहलों पर स्टालिन की घोषणाओं में 51 करोड़ रुपए की लागत से हरूर सरकारी अस्पताल के बुनियादी ढांचे में सुधार, हरूर को उसके वर्तमान नगरपालिका में अपग्रेड करना भी शामिल है।

### स्मृति ईरानी ने खाली किया सरकारी बंगला



**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता स्मृति ईरानी ने लुटियंस दिल्ली में 28 तुगलक क्रीसेंट स्थित अपना सरकारी बंगला खाली कर दिया है। एक अधिकारी ने कहा, ईरानी ने इस हफ्ते की शुरुआत में अपना आधिकारिक आवास खाली कर दिया। उन्होंने कहा कि नई सरकार के गठन के बाद पूर्व मंत्रियों और सांसदों को एक महीने के भीतर अपने सरकारी आवास खाली करने होंगे। हाल ही में लोकसभा चुनाव में उन्हें उत्तर प्रदेश की अमेठी सीट पर हार का सामना करना पड़ा था। उन्हें कांग्रेस के नेता किशोरी लाल शर्मा ने डेढ़ लाख से ज्यादा मतों से हराया था। ईरानी ने इस हफ्ते की शुरुआत में बंगला खाली कर दिया था। यह बंगला पिछले दस साल से उनका आशियाना था। अब इस बंगले से ईरानी की नेम प्लेट भी हट गई है। हालांकि, केवल स्मृति ईरानी को ही नहीं बल्कि चुनाव हारने वाले सभी सांसदों को 11 जुलाई तक सरकारी बंगले खाली करने थे।

### बंगाल: शाह से मिले नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव के नतीजे चार जून को घोषित हुए थे। एक महीने से ज्यादा समय के बाद नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात की। सुवेंदु ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि गुरुवार को दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री शाह से उनके आवास पर उनकी करीब 45 मिनट तक बातचीत हुई। सुवेंदु ने शाह को राज्य के विभिन्न हिस्सों में सामने आई सार्वजनिक पिटाई की घटनाओं का वीडियो फुटेज भी दिया है, लेकिन इसके अलावा और क्या चर्चा हुई होगी, इसे लेकर भाजपा नेताओं के बीच अटकलें चल रही हैं।

### उपराष्ट्रपति का महाराष्ट्र विधानमंडल के दोनों सदनों में संबोधन...

# निम्न स्तर पर पहुंची देश की राजनीति आत्म निरीक्षण करें पार्टियां: धनखड़

एजेंसी | नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संसद और राज्य विधानमंडलों को 'लोकतंत्र का ध्रुव तारा' और सांसदों तथा विधायकों को 'प्रकाश स्तंभ' करार देते हुए कहा है कि संसदीय कामकाज रोकने को राजनीति का हथियार बनाने गंभीर परिणाम होंगे। उन्होंने कहा कि देश में लोकतांत्रिक राजनीति एक नए निम्न स्तर" पर पहुंच गई है और उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से आत्मचिंतन करने का आह्वान किया।

धनखड़ ने गुरुवार को मुंबई में महाराष्ट्र परिषद के शताब्दी समारोह के अवसर पर विधानमंडल के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में सब कुछ ठीक नहीं है और यह बहुत दबाव में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि विधायिकाओं में बहस, संवाद, विचार-विमर्श और चर्चा की प्रधानता होती है। उन्होंने कहा कि संसद के कामकाज को रोकने को हथियार बनाना राजनीति के लिए गंभीर परिणाम देने वाला है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में संवाद जरूरी है जो कि इन दिनों राजनीतिक पार्टियों के बीच गायब हो चुका है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बहस और संवाद से पनपता है, लेकिन वर्तमान में राजनीतिक दलों के बीच संवाद गायब है।



### सत्ता पक्ष व विपक्ष को यूं किया परिभाषित

उपराष्ट्रपति ने मुस्कुराते हुए कहा कि सत्ता पक्ष की बेंच कुर्सी के दाईं ओर होती है, लेकिन मानव शरीर में हृदय बाईं ओर होता है और इसी से कुर्सी का कामकाज परिभाषित होना चाहिए। धनखड़ ने कहा कि महाराष्ट्र विधान परिषद का शताब्दी समारोह एक उल्लेखनीय मील का पत्थर है। साथ ही उन्होंने 17वीं शताब्दी के प्रतिष्ठित शासक छत्रपति शिवाजी महाराज का भी स्मरण किया। वहीं, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने उपराष्ट्रपति धनखड़ का उनके संबोधन से पूर्व स्वागत किया। सीएम शिंदे ने कहा, आपने हमेशा भारतीय संविधान को मजबूत करने में भूमिका निभाई है। आज हमारे पास आपको सुनने का यह सुनहरा अवसर है। आपने हमेशा संविधान और इसकी गरिमा बनाए रखने की बात कही है।

### दोनों पक्षों ने सभापति-स्पीकर को बना दिया पंचिंग बैग

धनखड़ ने कहा कि नारेबाजी करना और सदन के वेल में मार्च करना किसी भी पीठासीन अधिकारी के लिए दर्दनाक स्थिति है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने सभापति और स्पीकर को सुविधाजनक पंचिंग बैग बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि शिष्टाचार और अनुशासन लोकतंत्र का दिल है। पीठासीन अधिकारी का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हम दूसरे दृष्टिकोण के प्रति भी उदार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक पार्टियां अक्सर सौहार्दपूर्ण दृष्टिकोण के बजाय टकराववादी और विरोधात्मक दृष्टिकोण अपनाती हैं। उन्होंने कहा कि नैतिकता और सदाचार भारत में सार्वजनिक जीवन की पहचान रहे हैं।

### संयुक्त किसान मोर्चा की घोषणा

# किसान एमएसपी व कर्ज माफी को लेकर फिर करेंगे आंदोलन

- PM व नेता प्रतिपक्ष को सौंपेंगे ज्ञापन



एजेंसी | नई दिल्ली

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने एक बार फिर विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन शुरू करने की घोषणा की है। उनकी प्रमुख मांगों में फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और किसानों का कर्ज कर्ज माफ करना शामिल हैं। इसके साथ ही उसने कहा है कि इन मांगों को लेकर प्रधानमंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता को एक ज्ञापन सौंपा जाएगा।

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने अपनी आम सभा की बैठक के एक दिन बाद गुरुवार को यह घोषणा की। संगठन ने कहा, आम सभा ने 9 दिसंबर, 2021 के समझौते को लागू करने की मांग को लेकर आंदोलन फिर से शुरू करने का फैसला किया है। यह समझौता केंद्र सरकार ने एसकेएम के साथ किया था और इस पर भारत सरकार के कृषि विभाग के सचिव ने हस्ताक्षर किए हैं। एसकेएम के नेताओं ने कहा है कि सरकार ने उनकी मांगों को अनदेखा किया है और उन्हें मजबूरन फिर से आंदोलन करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द उनकी मांगों को पूरा करने का आग्रह किया है ताकि किसान समुदाय को राहत मिल सके। संयुक्त किसान मोर्चा ने तय किया है कि वह किसानों के हित के लिए आंदोलन को आगे बढ़ाएगी। आंदोलन से पहले सभी राज्यों के संगठनों को मजबूत किया जाएगा। अन्नदाताओं की जो मांगे हैं, उसे लेकर एक मांग पत्र तैयार किया जाएगा। इसे किसानों के बीच प्रसारित करने की भी योजना है।

### 'कॉर्पोरेट छोड़ो दिवस' मनाएगा एसकेएम

संगठन ने अपने बयान में कहा है कि सभी सांसदों को मांगों का एक चार्टर सौंपा जाएगा। संगठन ने कहा कि 9 अगस्त को एसकेएम अपनी मांगों के समर्थन में देश भर में प्रदर्शन करके भारत छोड़ो दिवस को कॉर्पोरेट भारत छोड़ो दिवस के रूप में मनाएगा।

### हरियाणा में बदलेंगे सियासी समीकरण

# इनेलो व BSP मिलकर लड़ेंगे विधानसभा चुनाव

एजेंसी | चंडीगढ़

विधानसभा चुनाव से पहले हरियाणा की राजनीति एक बार फिर करवट बदल रही है। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अगामी विधानसभा चुनाव मिलकर चुनाव लड़ेंगे। दोनों दलों के प्रतिनिधियों ने चंडीगढ़ में गुरुवार को गठबंधन की औपचारिक घोषणा की। दोनों दलों ने गठबंधन का मुख्यमंत्री चेहरा अभय चौटाला को बनाया है। सूत्रों के अनुसार दोनों दलों के बीच गठबंधन के बाद राज्य विधानसभा चुनावों में सियासी समीकरण बदलने की संभावना है। बसपा सुप्रीमो मायावती और इनेलो के प्रधान महासचिव अभय चौटाला के बीच हाल ही में दिल्ली में एक घंटे तक मुलाकात हुई थी। इस मीटिंग के दौरान हरियाणा में गठबंधन करने पर सहमति बनी थी। इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला और बसपा के आनंद कुमार, नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद व पार्टी के राज्य प्रभारी रणधीर बेनीवाल ने संयुक्त रूप से गठबंधन की जानकारी दी है।




### बसपा 37 सीटों पर, इनेलो 53 पर लड़ेगा चुनाव

हरियाणा के कुल 90 विधानसभा सीटों में से इनेलो 53 और बहुजन समाज पार्टी 37 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इन दलों के बीच तीसरी बार गठबंधन हुआ है।

### कांग्रेस को हानि की आशंका

बसपा व इनलो के गठबंधन के बाद इससे कांग्रेस को फौरी तौर पर नुकसान होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। हालांकि कांग्रेस पार्टी ने राज्य में दलित वर्ग से आने वाले उदयभान को प्रदेश अध्यक्ष बनाया हुआ है। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बाद वह दूसरे नेता हैं। जो राज्य में सबसे ज्यादा चर्चा में बने हुए हैं।

### पश्चिम बंगाल: उपचुनाव के दौरान हिंसा की भाजपा ने की शिकायत

# चुनाव आयोग ने CEO से मांगी रिपोर्ट

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल की चार विधानसभा सीटों के लिए बुधवार को हुए उपचुनाव के दौरान फर्जी मतदान, हिंसा और धमकी की मिली शिकायतों के बाद चुनाव आयोग ने बंगाल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) से कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। भाजपा ने इस सिलसिले में चुनाव आयोग से करीब 100 शिकायतें की हैं। इसके साथ ही भाजपा ने टीएमसी पर कई गंभीर आरोप लगाए। हालांकि, सत्ताधारी पार्टी ने इन आरोपों को बेतुका और आधारहीन बताया।




सीईओ आरिज आफताब ने कहा, हिंसा की कुछ खबरें आई थीं, लेकिन कुल मिलाकर बुधवार को चुनाव शांतिपूर्ण रहा। जब भी हमें इस तरह की हिंसा और कदाचार की रिपोर्ट मिली या हमारे अधिकारियों के संज्ञान में आई, हमने तुरंत कार्रवाई की। एक अधिकारी ने बताया कि मतदाताओं को डराने-धमकाने और भाजपा उम्मीदवार पर हमला करने में कथित संलिप्तता के लिए बगदाह में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### TMC का भाजपा पर पलटवार

दूसरी ओर तृणमूल कांग्रेस के नेता कुणाल घोष ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए कहा था कि भाजपा चुनाव में अपनी विफलता को छिपाने के लिए केवल बहाने बना रही है। उन्होंने कहा, भाजपा जानती है कि वह चुनाव हारेगी, इसलिए वे वो बहाने बना रहे हैं। बंगाल के लोग टीएमसी के साथ हैं, यह लोकसभा चुनाव में साबित हुआ था और उपचुनावों में फिर साबित होगा।

### बिहार: विधानसभा चुनाव से पहले जदयू में बदलाव जारी

# मनीष वर्मा को नीतीश ने सौंपा बड़ा जिम्मा, पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव बनाया

एजेंसी | पटना

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने पूर्व आईएएस अधिकारी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अतिरिक्त सलाहकार रहे मनीष वर्मा को पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी दी है।

पार्टी अध्यक्ष नीतीश कुमार ने उन्हें राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया है। वर्मा ने 9 जुलाई को ही पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मनीष वर्मा के जदयू में शामिल होने और राष्ट्रीय महासचिव का पद मिलने को सियासी चर्चा तेज हो गई है।

इस मौके पर वर्मा ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार बिहार को अंधकार से निकालकर प्रकाश में लाए हैं। एक-एक क्षण बिहार और यहां के लोगों के विकास के बारे में सोचते हैं। जदयू में असली समाजवाद जिंदा है। बाकी में परिवारवाद हावी है। ज्ञात रहे कि वर्मा नीतीश कुमार के करीबी माने जाते हैं। उन्होंने भारतीय प्रशासनिक सेवा से स्वैच्छिक सेवानिवृति ली थी। इसके बाद वे नीतीश के सलाहकार बने थे।



### आरसीपी सिंह को भी मिला था अवसर

इससे पहले पूर्व आईएएस आरसीपी सिंह को भी नीतीश कुमार ने पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव बनाया था। उन्हें संगठन की जिम्मेदारी दी थी। बाद में उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बनाया और केंद्र में मंत्री भी बने। हालांकि विवाद होने के बाद उन्हें पार्टी से बाहर भी जाना पड़ा। मनीष वर्मा की तरह आरसीपी सिंह भी नालंदा के रहने वाले हैं ।अब मनीष वर्मा दूसरे ऐसे अधिकारी हैं जिन्हें नीतीश कुमार ने मौका दिया है।

### साल भर से जुड़े हुए थे जदयू से

मनीष वर्मा बिना किसी पद के ही पिछले एक साल से जदयू की संगठनात्मक गतिविधियों में लगे हुए थे। वे जदयू के लोकसभा चुनाव अभियान में भी सक्रिय रूप से शामिल रहे। उन्होंने उन सभी 16 लोकसभा सीटों का लगातार दौरा किया, जहां से जदयू प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। जदयू ने इस बार के लोकसभा चुनाव में 12 सीटों पर जीत दर्ज की है। इसके बाद जदयू ने केंद्र में नरेंद्र मोदी की तीसरी सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जदयू में शामिल होने से पहले वह बिहार आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य थे। मनीष वर्षा ओडिशा कैडर के आईएएस रह चुके हैं।

### बिठाया गया संजय झा के साथ संतुलन!

सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मनीष वर्मा को बड़ी जिम्मेदारी सौंपकर पार्टी के अन्य नेताओं को साफ-साफ संदेश दिया है। कहा जा रहा है कि वर्मा पार्टी महासचिव बनाकर संजय झा के साथ संतुलन साधा गया है। जातीय समीकरणों का भी ध्यान रखा गया है। ज्ञात रहे कि बीते कुछ दिनों में जदयू में कई बड़े बदलाव हुए हैं। जिसमें सबसे बड़ी जिम्मेदारी संजय झा को मिली है। जिन्हें जदयू का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। तब मनीष वर्मा को पार्टी महासचिव बनाए जाने की चर्चा शुरू हो गई थी। इसे नीतीश कुमार की पार्टी और वोटर पर पकड़ मजबूत करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।

## जरूरी खबर

### ऑस्ट्रेलिया में दमखम दिखाएगी भारतीय वायुसेना



**नई दिल्ली।** भारत की वायुसेना शुक्रवार से बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास में शामिल होगी। सैन्य अभ्यास पिच ब्लैक 2024 में भाग लेने के लिए भारतीय वायु सेना की टुकड़ी गुरुवार को रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयर फोर्स बेस डार्विन, ऑस्ट्रेलिया पहुंची। यह सैन्य अभ्यास 12 जुलाई से दो अगस्त तक आयोजित किया जाना है।'पिच ब्लैक' आरएएएफ द्वारा आयोजित द्विवार्षिक, बहुराष्ट्रीय अभ्यास है।

### IAS पूजा खेडकर मामले की जांच के लिए समिति गठित



**मुंबई।** केंद्र सरकार ने 2023 बैच की ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर द्वारा दी गई दिव्यांगता विवरण की जांच के लिए एक समिति गठित की है। समिति दो हफ्तों में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। सूत्रों के अनुसार कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के अतिरिक्त सचिव इस मामले की जांच करेंगे। खेडकर पर नौकरशाह के रूप में अपने पद का दुरुपयोग करने और अनियमितता के गंभीर आरोप हैं। पूजा पर आरोप है कि उन्होंने अपनी निजी ऑडी सेडान पर लाल बत्ती, वीआईपी नंबर प्लेट और महाराष्ट्र सरकार का स्टीकर लगा रखा था। खेडकर पर भारतीय प्रशासनिक सेवा में पद हासिल करने के लिए शारीरिक दिव्यांग श्रेणी और अन्य पिछड़ा वर्ग कोटे के तहत मिलने वाले लाभों का दुरुपयोग करने का आरोप है।

### सुप्रीम कोर्ट को जल्द मिलेंगे दो न्यायाधीश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने शीर्ष न्यायालय के जजों के रूप में नियुक्ति के लिए हाई कोर्ट के जजों एन कोटिश्वर सिंह और आर महादेवन के नामों की सिफारिश की है। जस्टिस नोंग्मीकापम कोटिश्वर सिंह इस समय जम्मू और कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस हैं, जबकि जस्टिस आर महादेवन वर्तमान समय में मद्रास हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के पद पर कार्यरत हैं। दोनों की सिफारिश CJI डी वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाले कॉलेजियम ने की है। यदि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश स्वीकार कर ली जाती है, तो जस्टिस कोटिश्वर सिंह सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त होने वाले मणिपुर के पहले जज बन जाएंगे।

## पीएम ने नए IAS को दिया मंत्र... देश प्रथम सिर्फ नारा नहीं... जीवन का लक्ष्य



*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली में भारतीय प्रशासनिक सेवा-2022 बैच के 181 प्रशिक्षुओं से मुलाकात की। इन्हें विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिव के तौर पर शामिल किया गया है। इस मौके पर पीएम ने कहा कि नए भारत को सुस्त रवैया पसंद नहीं है। इसलिए अधिकारियों को उत्प्रेरक एजेंट के तौर पर काम करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्र प्रथम सिर्फ नारा नहीं है, बल्कि जीवन का लक्ष्य है। उन्होंने इसे सफल बनाने में साथ देने का आह्वान भी किया।*

### राजनाथ सिंह एम्स में भर्ती, हालत स्थिर



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तबीयत गुरुवार को अचानक खराब हो गई जिसके बाद उन्हें एम्स में भर्ती कराना पड़ा। पीठ में तेज दर्द के बाद उनकी तबीयत खराब हुई थी, लेकिन अब उनकी उनकी हालत बिल्कुल स्थिर बताई जा रही है। हालांकि वे अभी भी एम्स में भर्ती हैं और आगे की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एम्स अस्पताल के न्यूरो सर्जरी विभाग में भर्ती हैं। बताया जा रहा है कि रक्षा मंत्री पिछले कई दिनों से बैक पेन समस्या से परेशान थे जिसके बाद आज उन्हें एम्स अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। उनका इलाज एम्स अस्पताल के सीनियर डॉक्टरों की देखरेख में किया जा रहा है। एम्स अस्पताल सूत्रों के अनुसार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तबीयत स्थिर है और डॉक्टर के द्वारा उनका चेकअप किया जा रहा है।

**जनहित याचिका पर सुनवाई: सुप्रीम कोर्ट ने दिए निर्देश**

# आत्महत्याएं रोकने के लिए क्या किया! हलफनामा दाखिल करें

**एजेंसी** | नई दिल्ली

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने देश में छात्रों में आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को आत्महत्याएं रोकने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने जवाब दाखिल करने के लिए केंद्र को गुरुवार को चार हफ्ते का समय दिया। अधिवक्ता गौरव बंसल ने जनहित याचिका दायर कर मांग की थी कि बच्चों में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने के लिए कदम उठाए जाएं।

मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़, न्यायाधीश जेबी पारदीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की पीठ ने बंसल की इस दलील का संज्ञान लिया कि आत्महत्या के बढ़ते मामलों से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है। सीजेआई ने कहा, यह एक सामाजिक मुद्दा है, उन्हें (केंद्र और उनके अधिकारियों) को जवाबी हलफनामा दाखिल करने दीजिए। याचिका में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को



यह भी निर्देश देने का आग्रह किया गया है कि वे आत्महत्या की भावना रखने वाले लोगों को कॉल सेंटर और हेल्पलाइन के जरिए मदद और सलाह प्रदान करने के लिए एक परियोजना शुरू करें। दिल्ली पुलिस की ओर से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों का हवाला देते हुए याचिका में कहा गया है कि 2014 और 2018 के बीच 18 साल से कम उम्र के बच्चों की आत्महत्या के 140 मामले दर्ज किए गए।

इसमें आगे कहा गया है कि भारत में आत्महत्या के मामलों को रोकने और उनमें कमी लाने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का मसौदा तैयार करने, उसे आकार देने और लागू करने में अधिकारियों की विफलता ने न केवल मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 2017 की धारा 29 और 115 का उल्लंघन है, बल्कि संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा) का भी उल्लंघन है।

बंसल ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि दिल्ली सरकार यहां स्वस्थ सामाजिक माहौल उपलब्ध कराने में विफल रही है। याचिका में कहा गया है कि सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम 2017 के विभिन्न प्रावधानओं को लागू करने में विफल रहे हैं और उन्हें अपने अधिकार क्षेत्र में आत्महत्याओं की रोकथाम और उनमें कमी लाने के लिए उचित कदम उठाने के लिए निर्देश दिया जाना चाहिए।

**न्यायिक अधिकारियों का मामला**

## 16 राज्यों के मुख्य एवं वित्त सचिवों को जारी होगा समन

**एजेंसी** | नई दिल्ली

न्यायिक अधिकारियों को पेंशन बकाए एवं अन्य सेवानिवृत्ति लाभों के भुगतान पर दूसरे राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग की सिफारिशों के गैर-अनुपालन पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने 16 राज्यों के मुख्य एवं वित्त सचिवों को समन जारी करने का आदेश दिया। एसएनजेपीसी की सिफारिशों का अनुपालन नहीं किए जाने पर सख्त नाखुशी जाहिर करते हुए प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला एवं जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, हमें पता हैं कि अब अनुपालन कैसे कराना है। अगर हम सिर्फ यह कहेंगे कि अगर हलफनामा दायर नहीं किया तो मुख्य सचिव को पेश होना होगा, तो यह दायर नहीं होगा। पीठ ने कहा कि मुख्य और वित्त सचिवों को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा। ऐसा न करने पर अदालत अवमानना का मामला शुरू करने पर बाध्य होगी। पीठ ने आंध्र प्रदेश, बंगाल, छत्तीसगढ़, दिल्ली, असम, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मिजोरम, हिमाचल प्रदेश, केरल, मेघालय, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, मणिपुर, ओडिशा एवं राजस्थान के शीर्ष अधिकारियों को 23 अगस्त से पहले पेश होने को कहा है।

**कठुआ में J&K व पंजाब के DGP की बैठक**

## आतंकियों के खिलाफ सर्जिकल ऑपरेशन जंगल में उतरे पैरा कमांडो

**एजेंसी** | जम्मू/कठुआ

भारतीय सेना ने कठुआ के बिलावर के बदनोता क्षेत्र में आतंकियों के खिलाफ तलाशी अभियान को तेज कर दिया है। यह अभियान पिछले हफ्ते आतंकी हमले में पांच जवानों के शहीद के मद्देनजर आतंकियों के सफाए के लिए चलाया जा रहा है। गुरुवार को जिला पुलिस लाइन कठुआ में जम्मू-कश्मीर के डीजीपी आरआर स्वैन, पंजाब के डीजीपी और सेना के उच्च अधिकारी बैठक के लिए पहुंचे। इस बैठक में खुफिया एजेंसियों के अधिकारी भी शामिल थे। सूत्रों के अनुसार, यह बैठक एजेंसियों के बीच समन्वय मजबूत करने के लिए आयोजित की गई थी। इस दौरान आतंकी हमलों को रोकने और अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर मंथन हुआ। बैठक की एक रिपोर्ट गृह और रक्षा मंत्रालय को भेजी जाएगी।

उधर, पुलिस ने इस आतंकी हमले के सिलसिले में ट्रैक्टर चालक समेत 23 संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। सर्जिकल ऑपरेशन के लिए सेना के पैरा कमांडो जंगल में उतारे हैं। हेलिकाप्टर और ड्रोन की मदद भी ली जा रही है। इससे



पहले बुधवार को पश्चिमी कमान के लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार खटयार भी मछेड़ी पहुंचे और घटना स्थल व अभियान का जायजा लिया। सुरक्षा बलों ने आतंकियों के सफाये के लिए बुधवार को तीसरे दिन भी बड़े स्तर पर तलाशी अभियान चलाया। खराब मौसम और भौगोलिक चुनौतियों के बावजूद सुरक्षाबल जुटे रहे। वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार कठुआ के साथ ही उधमपुर और डोडा जिले की सीमा से लगते जंगलों को भी खंगाला जा रहा है। सेना के वरिष्ठ अधिकारी लगातार निगरानी बनाए हुए हैं। सूत्रों के अनुसार बुधवार को उस ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक से भी पूछताछ की गई, जो हमले के वक्त सैन्य काफिले के ठीक आगे चल रहा था। ज्ञात रहे कि बदनोता में आतंकियों की ओर से ग्रेनेड से किए गए हमले के बाद अंधाधुंध गोलियां बरसाई गई थीं जिसमें सेना के पांच जवान शहीद हो गए थे।

## DRDO ने अपने सात प्रोजेक्ट निजी कंपनियों का सौंपे

**एजेंसी** | नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने निजी क्षेत्र की कंपनियों को सात रक्षा परियोजनाओं की जिम्मेदारी सौंपी है। इनमें पानी के भीतर प्रक्षेपित किए जाने वाले मानव रहित हवाई वाहन और लंबी दूरी की रिमोट संचालित प्रणालियों सहित कई परियोजनाएं शामिल हैं। घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए रक्षा मंत्रालय की प्रौद्योगिकी विकास निधि योजना के तहत इन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। इन प्रौद्योगिकियों का स्वदेशी




विकास सैन्य औद्योगिक ईकोसिस्टम को मजबूत करेगा।

### निगरानी और सर्वेक्षण को विकसित करने पर जोर

परियोजनाओं में विमानों के लिए 'आइस डिटेक्शन सेंसर' का विकास, 'रडार सिग्नल प्रोसेसर' का निर्माण, पानी के नीचे की वस्तुओं का पता लगाने और उन्हें नेस्तनाबूद करने के लिए लंबी दूरी के रिमोट संचालित वाहनों का निर्माण शामिल है। रिमोट संचालित वाहन दोहरे उपयोग वाली प्रणालियां होंगी, जो पानी के नीचे की वस्तुओं का पता लगाने, वर्गीकरण करने, स्थान निर्धारण करने और उन्हें नेस्तनाबूद करने में सक्षम होंगी, जबकि प्रमुख परिसंपत्तियों को संदिग्ध परिचालन क्षेत्र से दूर रखेंगी। यह परियोजना स्टार्ट-अप 'आईआरओवी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड', कोच्चि को सौंपी गई है। सेंसर सिमुलेशन टूलकिट परियोजना नोएडा की स्टार्टअप कंपनी ऑक्सीजन 2 इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड को दी गई है।

## नीट पेपरलीक केस में मास्टर माइंड का करीबी रॉकी अरेस्ट

**पटना।** नीट पेपर लीक केस में सीबीआई को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सीबीआई ने झारखंड से रॉकी उर्फ राकेश को गिरफ्तार किया है। उसे गुरुवार को पटना में अदालत के समक्ष पेश किया गया। कोर्ट ने रॉकी को 10 दिन के सीबीआई रिमांड पर भेज दिया है। बताया जा रहा है कि रॉकी नेपाल भागने की तैयारी में थी। इसी बीच, गुप्त सूचना के आधार पर सीबीआई ने उसे दबोच लिया। पेपर लीक गैंग के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया के भांजे राकेश उर्फ रॉकी ने झारखंड से नीट के पेपर उड़ाने की साजिश रची थी। रॉकी उर्फ राकेश मूलरूप से नवादा का रहने वाला है। वह रांची में अपना रेस्टोरेंट चलाता था।

**ब्रिक्स संसदीय मंच की बैठक**

# सतत विकास के एजेंडे को आगे बढ़ाने में सांसदों की अहम भूमिका: बिरला

**एजेंसी** | सेंट पीटर्सबर्ग/नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि सांसद प्रगति और सतत विकास के एजेंडा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। बिरला गुरुवार को रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में आयोजित ब्रिक्स संसदीय मंच की बैठक के पहले पूर्ण सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस सत्र का विषय था - ब्रिक्स संसदीय आयामः अंतर-संसदीय सहयोग को सुदृढ़ करने की संभावनाएं। लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए लोकसभा अध्यक्ष बनने के बाद बिरला की यह पहली विदेश यात्रा है। बिरला ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि




हाल ही में संपन्न लोक सभा चुनाव में करीब 65 करोड़ मतदाताओं ने वोटिंग की जिसके पश्चात नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधान मंत्री पद की शपथ ली। बिरला ने ब्रिक्स संसदीय मंच को एक महत्वपूर्ण मंच बताते हुए कहा कि ऐसे मंच पर सांसदों को नए विचारों, नए कानूनों और सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करने का अवसर प्राप्त होता है। ब्रिक्स संसदीय मंच को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि भारत परस्पर सहयोग और एकजुटता बढ़ाने, वैश्विक शासन व्यवस्था और बहुपक्षीय संगठनों में सुधार करने, आर्थिक सुधार को बढ़ावा देने और सतत विकास के लिए 2030 एजेंडा के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए ब्रिक्स संसदों के बीच सहयोग का पक्षधर है। -बिरला ने भावी चुनौतियों का उल्लेख करते हुए यह आशा व्यक्त की कि अंतर-संसदीय सहयोग को मजबूत करने से ब्रिक्स देशों के बीच साझेदारी और अधिक समावेशी और लोकतांत्रिक होगी। उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों, सतत विकास और ब्रिक्स के एजेंडा को आगे बढ़ाने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। अंत में उन्होंने अपने रूसी समकक्ष और रूसी संघ की संसद द्वारा किए गए आतिथ्य- सत्कार के लिए आभार व्यक्त किया। दिन के दौरान, बिरला ने आईपीयू अध्यक्ष तुलिया एक्सन से भी मुलाकात की।

### चार देश बने नए सदस्य

ब्रिक्स संसदीय मंच में चार नए सदस्यों मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात का स्वागत करते हुए बिरला ने नए सदस्यों को संगठन में निर्बाध रूप से शामिल किए जाने के लिए रूस के अध्यक्ष की सराहना की।

### समावेशी विकास के एजेंडे को आगे बढ़ाने पर जोर

बिरला ने कहा कि ब्रिक्स वैश्विक शासन व्यवस्था को और अधिक लोकतान्त्रिक बनाने तथा वैश्विक स्तर पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, विश्व व्यापार संगठन जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। समावेशी और सतत विकास के ब्रिक्स के एजेंडा को आगे बढ़ाने में संसदों और सांसदों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए बिरला ने कहा कि भारत इस दिशा में सक्रिय रूप से भागीदारी कर रहा है। उन्होंने उभरते बाजारों और विकासशील देशों को एकजुट करने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता के साथ ही परस्पर सम्मान, समझ, समानता, एकजुटता, पारदर्शिता, समावेशिता और आम सहमति के सिद्धांतों के प्रति भारत की निष्ठा के बारे में भी बात की।

## दो सप्ताह से बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही है डार्लिंग प्रभास की पेन इंडिया फिल्म

# कल्कि की रफ्तार रोकने आज उतरेंगे 'इंडियन' और 'सरफिरा'



**बेधड़क.जयपुर।** दो सप्ताह से बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही डार्लिंग प्रभास की फिल्म कल्कि की बॉक्स ऑफिस पर रफ्तार को ब्रेक लगाने शुक्रवार को दो बड़ी फिल्में उतरने जा रही हैं एक इंडियन 2 और सरफिरा। इंडियन 2 जहां साउथ के बड़े डायरेक्टर शंकर की फिल्म है, जिसमें कमल हासन लीड रोल में है। यह मूवी सुपरहिट फिल्म इंडियन का सीक्वल है और भ्रष्टार के खिलाफ जबरदस्त तरीके से आवाज उठाती है। वहीं दूसरी फिल्म में अक्षय कुमार लीड रोल में हैं। सरफिरा नाम से बन रही यह मूवी साउथ की सूर्या स्टारर फिल्म सूरारई पोत्रू की हिंदी रीमेक है। दोनों मूवीज की स्टार कास्ट, डायरेक्टर्स और दोनों का सुपरहिट मूवीज का सीक्वल और रीमेक होना साफ इशारा है कि ये दोनों मूवीज कल्कि की कमाई की राह का रोड़ा बनने वाली हैं।



### भारत में की 536.75करोड़ की कमाई

प्रभास की कल्कि ने 14वें दिन इंडियन बॉक्स ऑफिस पर 7.5 करोड़ रुपए की कमाई कर डाली है। देशभर से इसने अब तक 536.75 करोड़ रुपए का बिजनेस कर लिया है। दूसरे मंडे को इसकी कमाई में 76 प्रतिशत की कमी आने के बावजूद 'कल्कि' बढ़िया कलेक्शन कर रही है। मेकर्स का दावा है कि 11वें दिन ही इसने वर्ल्ड वाइड कलेक्शन से करीब 900 करोड़ की कमाई कर ली थी। तीन दिनों में ये और बढ़ी जिसके बाद इसने रणबीर कपूर की एनिमल को पछाड़ दिया है। रणबीर कपूर की 'एनिमल' पिछले साल 1 दिसंबर को बड़े पर्दे पर उतारी गई थी, जिसको बहुत पोलराइजिंग रिव्यूज मिले थे। किसी को ये फिल्म बहुत पसंद आई थी तो किसी को बिल्कुल भी नहीं, मगर इसके बावजूद ये फिल्म 915 करोड़ रुपए की कमाई कर गई। ये रणबीर कपूर के कैरिअर की अब तक की सबसे बड़ी फिल्म बन गई। अब प्रभास की 'कल्कि' ने इसे पछाड़ दिया है।



### अश्वत्थामा वाला किरदार सभी पर भारी

'कल्कि' में अमिताभ बच्चन के किरदार की खूब तारीफ हो रही है। कहा जा रहा है कि उनका अश्वत्थामा वाला किरदार सभी दूसरे किरदारों पर भारी पड़ गया। ये जानकर और अच्छा लगेगा कि 'कल्कि' अमिताभ बच्चन के करियर की ये सबसे बड़ी फिल्म बन गई है। सिर्फ यही नहीं नाग अश्विन के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म कमल हासन के करियर के लिए भी उनकी कुछ बड़ी फिल्मों में से एक बन गई है। जहां तक बात है प्रभास की तो कमाई के मामले में अभी भी उनकी राजामौली वाली फिल्म 'बाहुबली 2' ही पहले नंबर पर है, जिसने वर्ल्ड वाइड 1788 करोड़ रुपए की कमाई की है।

### तेलुगु और हिंदी वर्जन से सबसे ज्यादा कमाई




घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 'कल्कि' ने सबसे ज्यादा कमाई तेलुगु वर्जन से और हिंदी वर्जन से की है। इसके तेलुगु वर्जन ने देश से 252.1 करोड़ रुपए कमाए हैं, वहीं इसके हिंदी वर्जन ने 229.05 करोड़ रुपए कमाए हैं। तमिल वर्जन से इसने 31.55 करोड़ रुपए, कन्नड़ा से 4.4 करोड़ रुपए और मलयालम वर्जन से 19.65 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। हालांकि, 12 जुलाई के बाद से 'कल्कि' को तगड़ा कॉम्पटिशन मिलने जा रहा है, क्योंकि 12 जुलाई को कमल हासन की फिल्म 'इंडियन 2' रिलीज हो रही है। इसकी एडवांस बुकिंग की बात करें तो पूरे इंडिया में इसकी करीब दो लाख से ज्यादा टिकटें बिक गई हैं। 'इंडियन 2' ने प्री-बुकिंग बिजनेस से ही करीब 5.21 करोड़ रुपए कमा लिए हैं।


## अमरापुरा में जन्मोत्सव मनाया

### स्वामी टेऊंराम के 138 किलो लड्डू महाप्रसादी का लगा भोग



**बेधड़क. जयपुर।** श्री प्रेम प्रकाश मंडल (पंथ) के संस्थापक 1008 योगीराज आचार्य सद्गुरु स्वामी टेंऊराम महाराज का 138वां प्रकटोत्सव अमरापुरा स्थान में धूमधाम से मनाया गया। प्रातः काल जन्म के समय पंडितों ब्राह्मणों द्वारा गंगाजल, पंचामृत, विभिन्न तरह की औषधि एवं विभिन्न प्रकार के शुद्ध जूसों, शहद, गो दुग्ध, भूरा, हल्दी आदि से अभिषेक किया। तत्पश्चात सद्गुरू स्वामी टेऊंराम महाराज के समक्ष अखंड ज्योत प्रज्वलित कर तुलसी पत्र ग्रहण कराकर चालीहा साहब का व्रत पूर्ण करवाया गया। 40 मिनट का हवन यज्ञ अनुष्ठान, नित्य नियम प्रार्थना संत महात्माओं द्वारा भजन संकीर्तन श्रीमद् भागवत गीता एवं श्री प्रेम प्रकाश ग्रंथ साहिब के पाठों का भोग पारायण 138 किलो महाप्रसादी के लड्डू का भोग, दीप प्रज्वलन एवं बधाई गीत शहनाई वादन आदि का कार्यक्रम हुआ। संत मोनूराम महाराज ने बताया कि आषाढ़ माह की शुक्ला तिथि ( सिंधी तिथि चौथ) को ब्रह्म मुहूर्त में प्रातः 5 बजे आचार्य का जन्म हुआ। पंच दिवसीय उत्सव के समापन के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत 85 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। अमरापुर स्थान के बाहर निरंतर चल रहे अन्न क्षेत्र में पुलाव के साथ-साथ मिष्ठान एवं शरबत राहगीरों को वितरित किया गया। सांय काल के समय मंदिर प्रांगण को 138 दीपों से सजाया गया एवं मंदिर एवं समधी साहब को ऋतु पुष्पों से फूल बंगला सजाया गया। गुरु भक्त प्रेमियों ने हजारों की संख्या में गुरु महाराज का प्रसाद भंडारा का आनंद लिया। दिन भर भक्तों का दर्शनों के लिए तांता लगा रहा। सभी ने एक दूसरों को जन्मोत्सव की बधाईयां दी।

### रवींद्र मंच पर 'भूत' का मंचन आज



**बेधड़क. जयपुर।** रवींद्र मंच के 60 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती समारोह के अंतर्गत कला एवं संस्कृति विभाग तथा रवींद्र मंच द्वारा टैगोर थिएटर योजना के अंतर्गत नाटक भूत का मंचन 12 जुलाई को किया जाएगा। नाटक के लेखक एवं निर्देशक हैं जयपुर के युवा रंगकर्मी अभिषेक विजय। 'भूत' एक सपना है। हमारा, हमारे समाज का, हमारे बच्चों का। नाटक में दिखाया जाएगा कि किस तरह हम खुद एक रेस में कई सालों से दौड़ रहे हैं और उम्र के आखिरी पड़ाव पर अपने बच्चों को भी उसी रेस में शामिल कर देते हैं। वो बच्चे जो सपने देखते हैं, उन सपनों को नकार दिया जाता है। तोड़ दिया जाता है और नष्ट कर दिया जाता है।

## City इवेंट्स

### राज्यपाल मिश्र ने किया वृक्षारोपण



**बेधड़क. जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने गुरुवार को राजभवन में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत कपूर का पौधा लगाया। राज्यपाल मिश्र की पहल पर राजभवन के अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा इस अभियान के तहत राजभवन में 50 नीम के पौधे लगाए गए। वृक्षारोपण करते हुए राज्यपाल मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर शुरू किया गया यह अनूठा अभियान है। उन्होंने नागरिकों से अभियान के तहत अधिकाधिक पेड़ लगाने के साथ ही उनका संरक्षण किए जाने का भी आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि वृक्ष, प्रकृति का हम सबको प्रदत्त अनुपम उपहार है। पेड़-पौधे धरती का श्रृंगार हैं। 'एक पेड़ मां के नाम' के अंतर्गत हम पेड़ लगाकर अपनी मां के प्रति तो श्रद्धा व्यक्त करते ही हैं, धरती मां के लिए भी यह हमारी प्रतिबद्धता का सूचक है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के खतरों से बचने और पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण कर धरती को हरीतिमा से आच्छादित करने पर जोर दिया।

### सामाजिक-आर्थिक अन्याय मंच पर उजागर

**बेधड़क. जयपुर।** रवीन्द्र मंच के मिनी थियेटर में फोर्थ वॉल सोसायटी के तत्वावधान में, डारियो फो द्वारा लिखित एवं सोमेश सोम द्वारा निर्देशित नाटक कान्ट पे? वोन्ट पे! का मंचन किया गया। नाटक में दिखाया गया कि कैसे किराने के सामान की बढ़ती कीमतों से परेशान महिलाएं एक सुपरमार्केट में आंदोलन कर देती हैं और सामान चुराकर अपने घर ले जाती हैं। इसके बाद वे अपने पतियों से यह बात छिपाने की कोशिश करती हैं। छिपाने की कोशिशों के चलते नाटक में हास्यपूर्ण स्थितियां पैदा होती हैं। नाटक के माध्यम से सामाजिक और आर्थिक अन्याय की बात को उजागर किया गया है और दर्शकों को हंसाते हुए सोचने पर मजबूर करने की कोशिश की है।

### हजरत हुर्र की शहादत को याद किया



**बेधड़क. जयपुर।** चार मोहर्रम को शिया वक्फ इमाम बारगाह हकीम मोमिन अली सुभाषचौक, पन्नीगरान में में गुरुवार को मजलिसे हजरत इमाम हुसैन का आयोजन हुआ। इस अशरे को मौलाना मुमताज हुसैन जाफरी ने संबोधित किया। अशरे की चौथी मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना मुमताज ने बताया कि कर्बला के मैदान में हुर्र इबने रियाही जो यजीद इब्ने माविया की फौज में थे, लेकिन बाद में इमाम हुसैन से प्रभावित होकर कर्बला की जंग से पूर्व हुर्र इमाम हुसैन के साथ हो गए। वे इमाम हुसैन के 71 साथियों में शामिल थे। पूरी दुनिया में चौथी मोहर्रम को हजरत हुर्र की शहादत को याद किया जाता है और उनके इंसाफ के साथ व जुल्म के खिलाफ खड़े होने की मिसाल को दुनिया में याद किया जाता है।

## दो दिगंबर जैन मुनि संघों का हुआ मिलन

# ऊर्जयन्त सागर मुनिराज का वर्षायोग में हुआ मंगल प्रवेश



**बेधड़क | जयपुर**

चातुर्मास 2024 की स्थापना तिथि जैसे जैसे निकट आ रही है वैसे ही दिगंबर जैन संतो को विहार चातुर्मास स्थलों की ओर मंगल प्रवेश का क्रम भी अनवरत जारी है। इसी कड़ी में गुरुवार को दो दिगंबर जैन संत संघ का विहार के दौरान मिलन हुआ। उपाध्याय ऊर्जयन्त सागर वर्षायोग समिति के अध्यक्ष कमलेश बावड़ी ने बताया कि उपाध्याय ऊर्जयन्त सागर मुनिराज ससंघ जय जवान कालोनी से विहार कर रहे थे, वहीं मुनि समत्व सागर ससंघ गायत्री नगर से विहार कर रहे थे। दोनों संघों का महा मिलन चन्द्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर दुर्गापुरा पर हुआ। इस अवसर पर मुनि समत्व सागर ससंघ ने उपाध्याय ऊर्जयन्त सागर मुनि के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भारी लवाजमा और हजारों लोगों उपस्थित रहे। समिति संयोजक बाबू लाल ईटून्दा ने शोभायात्रा की आगवानी की। इस मौके पर दोनो संघो ने उपस्थित सामजजनो को आशीर्वचन दिया। वर्षायोग समिति के मुख्य संयोजक जिनेन्द्र गंगवाल जीतू ने बताया कि शुक्रवार को उपाध्याय ऊर्जयन्त सागर का चातुर्मास हेतु प्रताप नगर सेक्टर 8 जैन मंदिर में मंगल प्रवेश होगा। मंगल प्रवेश शोभायात्रा में शांतिनाथ दिगंबर जैन युवा मंडल, महिला मंडल, धर्म जागृति महिला मंडल, विशुद्ध वर्धिनी बहु कला मंडल सहित अनेक मंडलों के कार्यकर्ता सहयोग देंगे।

## प्रोजेक्ट शायरी 3.0 में 10 कलाकारों ने दिखाया टेलेंट

# अलग-अलग विधा से जुड़े युवाओं ने म्यूजिक और शायरी से बांधा समां



**बेधड़क | जयपुर**

अभी तक बड़े शहरों में चलने वाला मिक्स म्यूजिक, शायरी, कविता और इंडियन म्यूजिक प्ले शो जयपुर में भी आयोजित किया गया। प्रोजेक्ट शायरी -3.0 के नाम से आयोजित हुए इस शो में जयपुर के अलग अलग म्यूजिक विधा से जुड़े यंग आर्टिस्ट्स ने जयपुर के समा बांध दिया।

वैशाली नगर के एटम डिस्को में अव्या-अडोर के सहयोग से आयोजित हुए इस प्रोग्राम में 10 से अधिक आर्टिस्टों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रोजेक्ट शायरी के फाउंडर गुंजन नागर ने बताया कि यह प्रोग्राम का दूसरा सीजन है, जिसे हमने एटम में आयोजित किया है। आज की पीढ़ी को सिर्फ एक तरह का म्यूजिक और एंटरटेनमेंट नहीं चाहिए। उनको शायरी, गजल, बांसुरी, म्यूजिक और बीच बीच में मजेदार बातों के पंच भी चाहिए होते हैं। यही सब हम आज की पीढ़ी को जयपुर में अपने प्रोग्राम के माध्यम से दे रहे हैं, जिसे लोग बहुत सराह भी रहे हैं। हमारी टीम ने जयपुर के ही लोगों को मौका दिया है, ताकि टैलेंट को भी प्रमोट किया जाए। हमारी इस टीम में जयपुर के लोकल लोगों को शामिल किया जाता है, ताकि उनको भी स्टेज मिले। प्रोग्राम में याचना फंसल, सुशील हासमी, शिवम तिवारी, ऋषि दीक्षित, सेंटी शर्मा, गिटार पर तेजपाल सिंह शेखावत और बांसुरी पर कीर्तिमान शर्मा ने परफॉर्म किया।

## जेकेके | पं. रविशंकर भट्ट तैलंग ने दी शानदार प्रस्तुति

# मेघ बरसते रहे और पंच तन्त्री बेला पर बजती रही धुन

**बेधड़क | जयपुर**

सुकून देने वाली ठंडी हवाएं, उसके बाद बारिश इस सुहाने मौसम के बीच मानसून के सौंदर्य से सराबोर करने वाली मधुर धुनों के साथ श्रोताओं के दिलों में मिठास घोलने वाली पंचतन्त्री बेला वादन की प्रस्तुति। जवाहर कला केन्द्र की ओर से गुरुवार को मधुरम के अंतर्गत इस प्रस्तुति का आयोजन किया गया। विख्यात बेला वादक पं. रविशंकर भट्ट तैलंग ने स्वनिर्मित पंच तन्त्री बेला पर धुन छेड़ी।

मानसून आधारित धुनों को सुन श्रोता मंत्र मुग्ध हुए। ध्रुवपदाचार्य पद्मश्री पंडित लक्ष्मण भट्ट तैलंग के सुपुत्र एवं शिष्य पं. रविशंकर भट्ट तैलंग ने स्वरचित राग जन रंजनी के वादन से प्रस्तुति की शुरुआत की।



### राग कलावती और शिव रंजनी का संयोग

राग कलावती और शिव रंजनी के संयोग से निर्मित यह राग पं. रविशंकर भट्ट ने बनाई। इसमें सरस्वती और गंगाधर शिव की आराधना के भावों का संयोजन है। जन रंजनी में उन्होंने आलाप, जोड़ और झाला प्रस्तुत किया। विलंबित रूपक और द्रुत तीन ताल की रचनाएं पेश की। इसके बाद राग मेघ एकताल व द्रुत तीन ताल में बंदिश से खूब दाद बटोरी।

### गुरु को समर्पित की बंदिश

पं. रविशंकर ने पद्मश्री पं. लक्ष्मण भट्ट तैलंग द्वारा रचित बंदिश 'गरज-गरज गरजत घन' बजाकर अपने गुरु को समर्पित की और उन्हें याद किया। मिश्र पीलू राग में दादरा की एक लोकप्रिय धुन 'बरसन लागी सावन बूंदी आजा' के वादन के साथ प्रस्तुति का समापन हुआ। खास बात यह रही कि कलाकर ने बीच-बीच में अपने सुरीले कंठ के गायन से वादन को और रोचक बनाया। तबले पर दिनेश खींची ने संगत की। यह कार्यक्रम केन्द्र की ओर से मानसून को महोत्सव की तरह मनाने के लिए चलाई जा रही श्रृंखला जुलाई झनकार का हिस्सा रहा। गौरतलब है कि हाल ही जयपुर के ध्रुवपदाचार्य पं. लक्ष्मण भट्ट तैलंग को पद्मश्री से नवाजा गया था।

बहादुर बनिए,जोखिम लीजिए। कोई चीज़ आपके अनुभव की जगह नहीं ले सकती।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## रूस के खिलाफ अमेरिका में एकजुट हुए नाटो देश: बाइडेन बोले- पुतिन को रोकेगा नाटो

# यूक्रेन को रूस से लड़ने के लिए एफ-16 लड़ाकू विमान और हथियार भी मिलेंगे

**जो बाइडेन ने नाटो समिट में वादा किया कि वे यूक्रेन को रूस से बचाने में पूरी ताकत लगा देंगे**

**एजेंसी** | वाशिंगटन

पश्चिमी मुल्कों के सैन्य गठबंधन नाटो के सदस्यों ने कहा है कि वो भविष्य में यूक्रेन की नेटो सदस्यता के लिए "पीछे नहीं हटेंगे।" साथ ही, उन्होंने यूक्रेन के लिए अधिक मदद का भी वादा किया है। अमेरिका के वॉशिंगटन में हो रहे नाटो के 32 सदस्य मुल्कों के सम्मेलन में इसके लिए कोई समयसीमा नहीं तय की गई है। हालांकि सदस्य देशों का कहना है कि रूस-यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन की कोशिशों के लिए उनका समर्थन "अटूट" है।

इस दौरान नाटो ने यूक्रेनी सेना के साथ और इंटेग्रेशन की भी घोषणा की है और कहा है कि सदस्य देश अगले साल यूक्रेन को 40 अरब यूरो (43.3 अरब डॉलर) की मदद देने का वादा करते हैं जिसमें एफ़-16 लड़ाकू विमान और एयर डिफेन्स सपोर्ट भी शामिल होगा।नाटो के महासचिव जेन्स स्टोल्टनबर्ग ने कहा है, "यूक्रेन को दी जा रही मदद चैरिटी नहीं है, बल्कि इसमें हमारे अपने सुरक्षा हित हैं।"

नाटो शिखर सम्मेलन में रूस-यूक्रेन युद्ध शीर्ष एजेंडा था। सम्मेलन में सभी सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने इस बात पर सहमति जताई कि रूस "सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा और सीधा खतरा बना हुआ है।"

9 जुलाई को प्रधानमंत्री मोदी पुतिन से मुलाकात के बाद रूस से रवाना हो रहे थे, तभी नाटो देश अपनी 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए वॉशिंगटन में जुटे। नाटो का मेंबर नहीं होने के बावजूद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की भी इस समिट में शामिल हुए। एक तरफ जहां पुतिन ने मोदी को रूस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने 10 साल से नाटो चीफ रहे जेन्स स्टोलटेनबर्ग को अमेरिका के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा।



### 'यूक्रेन को आत्मरक्षा में हमले का अधिकार'

ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर भी नाटो समिट में शामिल होने के लिए वाशिंगटन पहुंचे। प्रधानमंत्री के तौर पर स्टार्मर का यह पहला विदेशी दौरा है। उन्होंने प्रेस से बात करते हुए कहा कि यूक्रेन उनके दिए मिसाइल का रूस के मिलिट्री टारगेट्स पर इस्तेमाल कर सकता है। स्टार्मर ने कहा कि हमने यूक्रेन को अपनी आत्मरक्षा के लिए मिसाइल सिस्टम दिया है। इसका कैसे इस्तेमाल करना है ये यूक्रेन के ऊपर है। ब्रिटेन ने यूक्रेन को स्टार्म शैडो मिसाइल दिए हुए हैं।

### चीन बोला- नाटो के एक्शन से दुनिया की सुरक्षा को खतरा

नाटो के महासचिव स्टोलटेनबर्ग ने समिट से पहले चीन पर रूस की मदद का आरोप लगाया था। अब इस पर चीन की ओर से भी प्रतिक्रिया आई है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि नाटो की तथाकथित सुरक्षा अन्य देशों की सुरक्षा को दांव पर लगाती है। बता दें, नाटो सचिव स्टोलटेनबर्ग ने सोमवार को ईरान, नॉर्थ कोरिया और चीन पर यूक्रेन में रूस की जंग को बढ़ावा देने के आरोप लगाए थे।

### यूक्रेन को 5 नए एयर डिफेंस सिस्टम देगा अमेरिका

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने नाटो समिट की शुरूआत में घोषणा करते हुए कहा कि रूस के खिलाफ जंग में वो यूक्रेन को 5 आधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम मुहैया कराएंगे। उन्होंने ये भी कहा कि रूस-यूक्रेन जंग के बीच सैन्य संगठन नाटो सबसे अहम दौर से गुजर रहा है और अब तक की सबसे मजबूत स्थिति में है। बाइडेन ने कहा कि वो अमेरिका, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड और रोमानिया के साथ मिलकर यूक्रेन को पैट्रियट मिसाइल सिस्टम और अन्य उपकरण डोनेट करेंगे। दूसरी ओर अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि नाटो के सहयोगी देश जल्द ही यूक्रेन को F-16 फाइटर जेट देंगे।

### भारत ने कल कहा- युद्ध के मैदान में समाधान नहीं

भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में रूसी राष्ट्रपति पुतिन से कहा है कि जंग के मैदान से शांति का रास्ता नहीं निकलता है। बम, बंदूक और गोलियों के बीच शांति संभव नहीं होती है। समाधान के लिए वार्ता जरूरी है।

## इजराइल के अल्टीमेटम से हाहाकार, कहा...

# 'खाली करें गाजा सिटी'

**एजेंसी** | यरूशलम

इजराइली सेना ने सभी फिलिस्तीनियों को 'गाजा सिटी' को खाली कर दक्षिण की ओर जाने का आदेश दिया है। इजराइली सेना की तरफ से यह जानकारी दी गई है। इजराइली सेना ने युद्धग्रस्त क्षेत्र के उत्तर, दक्षिण और मध्य में नए सिरे से हमले शुरू किए हैं जिनमें पिछले 48 घंटों में दर्जनों लोग मारे गए हैं।

सैन्य गतिविधियों में वृद्धि ऐसे समय हुई है, जब अमेरिका, मिस्र और कतर के मध्यस्थ कतर की राजधानी दोहा में इजराइली अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे, ताकि गाजा के हमास आतंकवादी समूह के साथ काफी समय से लंबित संघर्ष विराम समझौते को आगे बढ़ाया जा सके। इजराइली सेना ने शहर में पर्चे गिराए, जिनमें लोगों से दक्षिण की ओर जाने का आह्वान किया गया और कहा, 'गाजा सिटी एक खतरनाक युद्ध क्षेत्र बना रहेगा।' इससे पहले मध्य गाजा में बुधवार तड़के इजराइल के हवाई हमले में 6 बच्चों और 3 महिलाओं समेत 20 फलस्तीनी मारे गए जिनमें से कुछ इजराइली सेना द्वारा घोषित कथित 'सुरक्षित क्षेत्र' के अंदर थे।



### लाखों फिलिस्तीनी प्रभावित उत्तरी क्षेत्र में

इजराइल ने 'गाजा सिटी' सहित उत्तरी गाजा के निवासियों को महीनों पहले भी दक्षिण की ओर जाने का आदेश दिया था, क्योंकि वह उत्तरी क्षेत्र में सैन्य अभियान चला रहा था। इसके बावजूद लाखों फिलिस्तीनी बुरी तरह प्रभावित उत्तरी क्षेत्र में अब भी हैं और कई फलस्तीनियों का कहना है कि उनके पास जाने के लिए कोई जगह नहीं है।

### हमास आतंकियों को बना रहे निशाना

इजराइल का कहना है कि वह 9 महीनों से जारी सैन्य हमले के बाद गाजा के विभिन्न हिस्सों में फिर से संगठित हो रहे हमास आतंकियों को निशाना बना रहा है, लेकिन हाल के दिनों में पूरे क्षेत्र में भारी हमलों का उद्देश्य संघर्ष विराम प्रयासों के बीच हमास पर दबाव बढ़ाना भी हो सकता है। इजराइल द्वारा हाल ही में मध्यवर्ती शहर दीर अल-बलाह और उसके आसपास के शरणार्थी शिविरों पर लगातार दूसरी रात ये घातक हमले किए गए थे।

## अंतरिक्ष में फटने जा रहा सितारा

# 80 साल बाद फिर दिखाई देगा धमाका

■ धरती पर वैज्ञानिकों को इसका इंतजार

**एजेंसी** | सिडनी

अब किसी भी रात, आसमान में एक "नया सितारा" या नोवा दिखाई देगा। हालांकि यह कोई असाधारण घटना नहीं है, लेकिन यह एक दुर्लभ घटना को देखने का एक विशेष अवसर है, जिसकी पहले से भविष्यवाणी करना आमतौर पर मुश्किल होता है। विचाराधीन तारा टी कोरोना बोरेलिस (टी सीआरबी, उच्चारण "टी कोर बोर") है। यह उत्तरी मुकुट के तारामंडल में स्थित है, जो उत्तरी गोलार्ध में प्रमुख है, लेकिन अगले कुछ महीनों में ऑस्ट्रेलिया और एओटेरोआ न्यूजीलैंड के उत्तरी आकाश में भी दिखाई देगा।



### 80 साल में एक बार फूटता है

अधिकांश समय टी सीआरबी, जो 3,000 प्रकाश वर्ष दूर है, देखने में बहुत कमजोर होता है, लेकिन हर 80 साल में एक बार यह चमक के साथ फूटता है। एक बिल्कुल नया सितारा अचानक प्रकट होता प्रतीत होता है, हालांकि लंबे समय के लिए नहीं। बस कुछ ही रातों के बाद यह तेजी से फीका पड़ जाएगा और फिर वापस अंधेरे में गायब हो जाएगा। जीवन का एक विस्फोट अपने जीवन के चरम के दौरान, तारे अपने कोर के अंदर परमाणु संलयन प्रतिक्रियाओं द्वारा संचालित होते हैं।

### कर चुका अपने चरम को पार

आमतौर पर, हाइड्रोजन को हीलियम में बदल दिया जाता है, जिससे तारे को अरबों वर्षों तक स्थिर और चमकदार बनाए रखने के लिए पर्याप्त ऊर्जा पैदा होती है, लेकिन टी सीआरबी अपने चरम को पार कर चुका है और अब एक तारकीय अवशेष है जिसे सफेद बौने के रूप में जाना जाता है। इसकी आंतरिक परमाणु आग को बुझा दिया गया है, जिससे गुरुत्वाकर्षण मृत तारे को नाटकीय रूप से संपीड़ित कर सकता है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl